विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 350 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 19 सितम्बर 2024 डाक 20 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के जयपुर में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के 18वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया





**देश-विदेश**
लालबागचा राजा अरब सागर में धूमधाम से विसर्जित,अनंत अंबानी के चढ़ाए 15 करोड़ के मुकुट का क्या हुआ





**फीचर पेज**
क्या आप भी मच्छर भगाने वाली लिक्विड मशीन का करते हैं यूज, तो हो जाएं सावधान हो सकती है ये दिक्कत




# भाजपा नेता करंदलाजे-अशोक के खिलाफ केस दर्ज नागमंगला हिंसा पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप

**बंगलूरू, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

कर्नाटक के नागमंगला में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में झड़प के बाद विवादित टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मांड्या जिले में एक 45 वर्षीय पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर भाजपा नेताओं पर दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 के तहत पुलिस ने मामला दर्ज किया। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने 13 सितंबर को एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा था, कर्नाटक के मांड्या में पुलिस ने प्रथम पूज्य गणेश को गिरफ्तार किया। राष्ट्र विरोधियों ने



भगवान गणेश के ऊपर पत्थर और जूते फेंके। इसके साथ ही 25 से अधिक दुकानों में आग लगा दी गई। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राज्य गृह मंत्री जी. परमेश्वर आरोपियों को बचा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, पुलिस आज गणेश मूर्ति को पुलिस वैन में रखकर ले गई। कर्नाटक में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कांग्रेस शासन में हिंदू खुद को अनाथ और उपेक्षित महसूस करते हैं।

कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने भी इस घटना पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, तीन उपद्रवियों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। इस घटना में प्रतिबंधित संगठनों के सामिल होने का संदेह और भी मजबूत हो गया। पुलिस के अनुसार, नागमंगला में 11 सितंबर की रात को दो गुटों के बीच झड़प हो गई थी। इस दौरान कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया। दो गुटों के बीच टकराव में कुछ दुकानों में भी आग लगा दी गी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया।

## सारंडा के जंगल में आइईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ जवान घायल,नक्सलियों ने बिछाया था बम

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने आइईडी ब्लास्ट किया है। इस घटना में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है। जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। इलाज उपरांत उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनल, अनमोल, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन अपने दस्ता के सदस्यों के साथ सारंडा के कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों के जवानों ने छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान प्रारंभ किया।

# प्रधानमंत्री के रूप में मिले स्मृति चिह्नों की नीलामी में हिस्सा लें, पीएम मोदी ने लोगों से की अपील



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक साल में मिले उपहारों और स्मृति चिह्नों की नीलामी में लोगों को हिस्सा लेने का आग्रह किया। उन्होंने गुरुवार को कहा कि इस नीलामी से मिलने वाली धनराशि का उपयोग नमामि गंगे (राष्ट्रीय गंगा कोष) पहल में किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए लोगों से नीलामी में बोली लगाने का अनुरोध किया। एक्स पर पीएम मोदी ने कहा, हर साल, सार्वजनिक कार्यक्रमों में मिलने वाले उपहारों की मैं नीलामी करता हूं। नीलामी में मिलने वाली धनराधि का उपयोग नमामि गंगे पहल में किया जाएगा। आपको जिन चीजों में दिलचस्पी है उसमें आप बोली लगा सकते हैं। बता दें कि पीएम मोदी ने यह परंपरा तब शुरू की थी, जब वे मुख्यमंत्री थे। उन्हें जो उपहार मिलते हैं उन्हें नीलामी के माध्यम से लोगों को वापस कर दिया जाता है और उससे अर्जित धन का इस्तेमाल गंगा नदी की सफाई जैसे नेक कार्य के लिए किया जाता है। ऐसी नीलामी छठी बार आयोजित की जा रही है, और इसके माध्यम से जुटाई गई धनराशि राष्ट्रीय गंगा कोष में दान की जाएगी। पीएम मोदी को मिलने वाले उपहारों और स्मृति चिह्नों में पैरालंपिक पदक विजेताओं के जूते और अन्य वस्तुओं से लेकर राम मंदिर की प्रतिकृति और चांदी की एक वीणा शामिल है। नीलामी के लिए रखी जानी वाली इन वस्तुओं का कुल आधार मूल्य लगभग डेढ़ करोड़ रुपये है।

प्रधानमंत्री मोदी को पिछले एक साल में तोहफे में मिली करीब 600 वस्तुएं नीलाम की जा रही है। जिन वस्तुओं का आधार मूल्य सबसे ज्यादा रखा गया है, उनमें पैरालिंपिक कांस्य पदक विजेता नित्या श्री सिवन और सुकांत कदम के बैडमिंटन रैकेट के अलावा रजत पदक विजेता योगेश खातुनिया का 'डिस्कस' शामिल है। इनका आधार मूल्य 5.50 लाख रुपये के आसपास तय किया गया है। सबसे कम आधार मूल्य वाले उपहार में सूती अंगवस्त्रम, टोपी और शॉल शामिल हैं, जिनकी कीमत 600 रुपये रखी गई है। नीलामी पीएम मोदी के जन्मदिन यानी की 17 सितंबर को शुरू हुई और यह दो अक्तूबर को समाप्त होगी।

## पूर्व एमएलसी के आवास पर एनआईए की छापामारी, नक्सलियों से तार जुड़े होने के आरोप



*गया। बिहार के गया में जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास पर एनआईए की टीम ने छापा मारा है। गया शहर के रामपुर थाना क्षेत्र के एपी कॉलोनी स्थित मनोरमा देवी के आवास पर रेड जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक छापेमारी सुबह 4 बजे हुई और अभी भी घर में मौजूद लोगों से पूछताछ जारी है। इस दौरान एनआईए को कई अहम दस्तावेज मिलने की जानकारी सामने आ रही है। मनोरमा देवी के घर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है और घर के अंदर किसी को जाने की इजाजत नहीं है।* जिला पुलिस के सहयोग से एनआईए ने मनोरमा देवी के आवास पर छापेमारी की घटना को अंजाम दिया है। मनोरमा देवी के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई नक्सली गतिविधियों से तार जुड़े होने के सुराग मिलने के बाद की गई है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**रायपुर, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनदर्शन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे है। लोगों में भारी उत्साह है। मुख्यमंत्री लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश देंगे। लोकसभा के चुनाव खत्म होते ही सीएम विष्णुदेव साय ने हर गुरुवार को सीएम जनदर्शन की शुरुआत की है, सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जाता है। इस दौरान सभी विभाग के सीनियर अफसर भी मौजूद रहते हैं, ताकि जिन समस्याओं का निवारण तुरंत हो सकता है उसे किया जा सके। इसे भी पढ़े सीएम साय की अध्यक्षता में 20 सितंबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे



कैबिनेट की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई है। आज मुख्यमंत्री निवास रायपुर में जनदर्शन आयोजित किया जाएगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महाकाल के गर्भगृह में किया पूजन-अभिषेक, इसके पहले किया सफाई मित्रों का सम्मान

**उज्जैन, 19 सितम्बर ।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के गर्भगृह में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राष्ट्रपति के आगमन पर आज महाकाल मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया है। उज्जैन में झांझ-डमरू की ध्वनि से उनका स्वागत किया गया। इसके पहले राष्ट्रपति ने स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया। उन्होंने



कहा कि मैं स्वच्छता मित्रों को सभी देशवासियों की ओर से धन्यवाद देती हूं। आपकी ही वजह से यह स्वच्छता अभियान व्यापक हुआ है।

# फटीं रह गईं अफसरों की आंखें रिटायर्ड आईएएस के यहां पड़ा छापा



**नोएडा, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मेरठ स्थित शारदा एक्सपोर्ट के मालिक, उनसे जुड़े लोगों और उनकी योजनाओं में साठगांठ करने वाले सेवानिवृत्त आईएएस के यहां एक साथ बड़ी छापेमारी की। इस दौरान टीम ने दो के घर से 12 करोड़ के हीरे बरामद किए हैं। यह छापा चंडीगढ़ में यूपी से सेवानिवृत्त आईएएस मोहिंदर सिंह, मेरठ के कारोबारी आदित्य गुप्ता समेत पांच लोगों के यहां मारा गया। मोहिंदर सिंह के घर से सात करोड़ रुपये के हीरे और व्यापारी के घर से पांच करोड़ रुपये के हीरे बरामद हुए। इसके अलावा इस कार्रवाई में सात करोड़ रुपये का सोना, नगदी और कई संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं।

ईडी की दोनों टीमें कल दोपहर कार्रवाई पूरी कर लखनऊ लौट आईं। यह भी कहा जा रहा है कि एक टीम दिल्ली चली गई है। इस बारे में ईडी के अफसरों ने ज्यादा कुछ नहीं बोला। ईडी सूत्रों के मुताबिक, शारदा एक्सपोर्ट समूह से जुड़े लोगों के मेरठ, दिल्ली, चंडीगढ़ और गोवा के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान मिले कई दस्तावेजों से महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगीं। इसके बाद ही ईडी की दो टीमों ने वर्ष 2011 में नोएडा के सीईओ रहे मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास पर तड़के दबिश दे दी। इस छापे की किसी को भनक तक नहीं लगी। ईडी के अफसरों ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई में तीन घरों से सात करोड़ रुपये का सोना व अन्य जेवर भी मिले हैं। इसके अलावा आलमारियों में कई ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिसके बारे में ये लोग जवाब नहीं दे सके। इन सभी दस्तावेजों को भी जब्त कर लिया गया है।

## 7 घरों में दौड़ा करंट, चपेट में आए कई परिवार, भयावह था मंजर

***कन्नौज।** कन्नौज के गुरसहायगंज में बारिश के बाद घरों के ऊपर से निकली एचटी लाइन का तार टूटकर गिर जाने से सात घरों में करंट दौड़ गया। घर में मौजूद 38 लोग करंट की चपेट में आ गए। घरों में बिजली उपकरण भी जल गए। उपकेंद्र में सूचना देकर आपूर्ति बंद कराकर आधा दर्जन लोगों को निजी अस्पताल ले जाया गया। दो से तीन लोगों को हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। बुधवार शाम सात बजे गुरसहायगंज के सीमांत नगर में हाईटेंशन लाइन का एक तार टूटकर मकान की छतों पर गिर गया। नन्हे अली, अब्दुल गफ्फार, हसीब व मोहम्मद नयाब आदि के परिवार के बच्चे, महिलाएं और पुरुष करंट की चपेट में आ गए। करंट का झटका लगने से सभी बेहोश होकर गिर गए। आधा दर्जन लोग गंभीर हालत में पहुंच गए, जिन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया। घटना से हड़कंप मच गया। उपकेंद्र को सूचना देने के बाद सप्लाई बंद हुई । फ्रिज, कूलर, इनवर्टर आदि उपकरण जल गए।*

# नवादा में 20 से ज्यादा घर जलाने जाने को लेकर सियासत कांग्रेस ने एनडीए को घेरा, कहा- यह जंगलराज का सबूत

**नवादा, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

बिहार के नवादा में दलित बस्ती में घरों को जलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राज्य के कांग्रेस समेत प्रमुख विपक्षी दलों ने नीतीश सरकार पर जबरदस्त हमला बोला है। कांग्रेस ने गुरुवार को बिहार की एनडीए सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह राज्य में फैले जंगल राज का एक और सबूत है। जो दलितों और वंचितों के प्रति सरकार की पूर्ण उदासीनता को दिखाता है।

कांग्रेस के नेता इस दलित बस्ती में 80 से अधिक घरों में आग लगाने की बात कह रहे हैं। वहीं इस मामले में नवादा पुलिस का कहना है कि, जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननौरा के पास स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती में 21 घरों में आग लगाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बुधवार शाम हुई इस आगजनी की घटना के पीछे भूमि विवाद हो सकता है। पुलिस का कहना है कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस ने इस मामले में दस लोगों को हिरासत में लिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि, बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण है। खड़गे ने आगे लिखा कि, बेहद निंदनीय है कि करीब 100 दलित घरों में आग लगाई गई, गोलीबारी की गई और रात के अँधेरे में ग़रीब परिवारों का सब कुछ छीन लिया गया। भाजपा और उसके सहयोगी दलों की दलितों-वंचितों के प्रति घोर उदासीनता, आपराधिक उपेक्षा व असामाजिक तत्वों को बढ़ावा अब चरम पर है। प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा की तरह मौन हैं, नीतीश जी सत्ता के लोभ में बेफिक्र हैं और एनडीए की सहयोगी पार्टियों के मुँह में दही जम गया है।

## प्रियंका ने घटना को बताया- खौफनाक



*वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इस घटना पर रोष जताते हुए एक्स पर लिखा कि, नवादा, बिहार में महादलितों के 80 से ज्यादा घरों को जला देने की घटना बेहद खौफनाक और निंदनीय है। दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए इतने बड़े पैमाने पर आतंक मचाकर लोगों को बेघर कर देना यह दिखाता है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आम ग्रामीण-गरीब असुरक्षा और खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। मेरी राज्य सरकार से मांग है कि ऐसा अन्याय करने वाले दबंगों पर सख्त कार्रवाई हो और सभी पीड़ितों का समुचित पुनर्वास किया जाए।*

## शोएब ढेबर तेलीबांधा पुलिस की हिरासत में



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जूक क्लब में हुई मारपीट को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने इस मामले में महापौर के भतीजे और आबकारी घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर के बेटे शोएब को हिरासत में लिया गया है। तेलीबांधा थाना पुलिस ने उसके खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। बीती रात जूक क्लब में वाहन निकालने पर को लेकर विवाद हो गया था। इसी दौरान शोएब ढेबर ने मोबीन नाम के एक युवक की पिटाई कर दी थी। पीड़ित युवक ने तेलीबांधा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शोएब के खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई कर उन्हें हिरासत में लिया है। आज दोपहर SDM अदालत में पेश किया जाएगा।

# कंगना रनौत के लिए मुसीबत: डीएसजीएमसी भेजेगी कानूनी नोटिस, इमरजेंसी में सिखों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

इमरजेंसी फिल्म को लेकर फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत और सिख नेताओं के बीच शुरू हुआ विवाद थम नहीं रहा है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत को कानूनी नोटिस भेजने की घोषणा की है। कालका ने कहा, रनौत की फिल्म इमरजेंसी में सिखों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। इस कारण सिख फिल्म का विरोध कर रहे हैं। उसके बाद वह सिखों को लेकर विवादास्पद बयानबाजी कर रही हैं।कंगना रनौत कोई भी फिल्म बनाएं या किसी भी पात्र की भूमिका निभाएं, लेकिन उन्हें किसी सिख संत या योद्धा के चरित्र हनन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा, संत जरनैल सिंह भिंडरावाले एक धार्मिक व्यक्ति थे। उन्होंने कभी भी खालिस्तान की मांग नहीं की। उनके खिलाफ की गई टिप्पणी से सिखों में रोष है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत अपने मन में किसी भी प्रकार की भ्रांति पाल सकती हैं, लेकिन सार्वजनिक रूप से सिख योद्धाओं के विरुद्ध की जा रही बयानबाजी को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से कंगना को समझाने की मांग की है। देशभक्त कौम के विरुद्ध उनकी विवादास्पद बयानबाजी बंद होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि फिल्म इमरजेंसी को लेकर लगातार विरोध बढ़ता जा रहा है। इससे पहले चंडीगढ़ की एक जिला अदालत ने अभिनेत्री कंगना रनौत को उनकी विवादास्पद फिल्म इमरजेंसी को लेकर नोटिस जारी किया है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रविंदर सिंह बस्सी ने एक आवेदन दायर कर दावा किया कि अभिनेत्री ने अपनी फिल्म में सिखों की छवि खराब करने की कोशिश की है।

## हिमेश रेशमिया के पिता का 87 साल की उम्र में हुआ निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

***मुंबई, 19 सितम्बर [एजेंसी]।***

*म्यूजिक इंडस्ट्री से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने फैंस का दिल तोड़कर रख दिया है। सिंगर और म्यूजिक कंपोजर हिमेश रेशमिया के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पिता और बॉलीवुड में कई लोगों के करियर को उड़ान देने वाले जाने-माने म्यूजिक डायरेक्टर विपिन रेशमिया का बीती रात निधन हो गया।*



*रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंगर के पिता का निधन बुधवार को तकरीबन 8.30 बजे रात को हुआ। उनकी उम्र 87 साल थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिमेश रेशमिया के पिता के पार्थिव शरीर को पहले उनके घर लेकर आया जाएगा, जहां म्यूजिक इंडस्ट्री के लोग और उनके करीबी उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इसके बाद मुंबई के जुहू श्मशान भूमि में सिंगर के पिता का अंतिम संस्कार किया जाएगा।*


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ. ए.ए. खान
मानसिक रोग विशेषज्ञ
Ex. RESIDENT PSYCHIATRIST, CIP, KANKE (RANCHI) & HOD-PSYCHIATRY, SECL, COAL INDIA
✦ सेक्स संबंधित समस्या
✦ मिगी, डिप्रेशन, माइग्रेन
✦ पागलपन, बेहोसी, सिरदर्द
✦ नींद की कमी, कान में आवाज आना
✦ बार -बार हाथ धोना, मंदबुद्धि
✦ उदासी, घबराहट, चिड़चिड़ापन
✦ गांजा, भांग, शराब की लत छुड़ाना
✦ बड़ी-बड़ी बाते करना
रविवार से गुरुवार
सुबह: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक
गरिमा मेडिको
विकास कॉम्पलेक्स, टी.पी. नगर कोरबा में उपलब्ध रहेंगे
91092 90994 | 62625 05094 | 93294 43994 | 88717 67994 | 89821 67994 | 62699 67994

# कलेक्टर ने पाली के मुनगाडीह में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का किया निरीक्षण

## सभी संस्थाओं में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु दिए आवश्यक निर्देश



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज पाली विकासखण्ड के मुनगाडीह में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, शासकीय माध्यमिक शाला एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संस्थाओं में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम पाली सुश्री सीमा पात्रे उपस्थित थी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम मुनगाडीह के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बालिकाओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, आवास व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र में एक नया किचन शेड, कॉरिडोर में टाइल्स लगाने एवं छत की मरम्मत कराने हेतु आरईएस को प्राक्कलन प्रस्तुत करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं द्वारा निर्मित किए गए कलाकृतियों का अवलोकन कर उनका मनोबल बढ़ाया। इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक शाला मुनगाडीह पहुंचकर कलेक्टर ने विद्यालय में मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में एक अतिरिक्त कक्ष व किचन शेड निर्माण के लिए आरईएस को प्राक्कलन तैयार करने की बात कही।

### विद्यार्थियों को पढ़ाई व कैरियर के संबंध में दिए आवश्यक सुझाव

स्वामी आत्मानंद विद्यालय मुनगाडीह का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने शाला के विभिन्न कक्षाओं, प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब सहित पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए बच्चों को मिल रही शिक्षा सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई एवं कैरियर के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने छात्र- छात्राओं को देश के बड़े विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि जिले के शासकीय विद्यालय से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग या देश के प्रतिष्ठित विश्विद्यालयों में अध्ययन हेतु चयनित होने पर उनका शिक्षण शुल्क का वहन जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से किया जाएगा। पूर्व में भी जिले के विद्यार्थियों को इस योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य अनुसार पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया।

# छुरी में आगंनबाड़ी व पीएचसी पहुंचकर जिलाधीश ने देखी व्यवस्था



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कटघोरा के छुरी में आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छुरी में उपस्थिति पंजी, स्टॉक रजिस्टर, विभिन्न वार्ड, प्रसव कक्ष, भंडार कक्ष ओपीडी सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया एवं परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केंद्र में होने वाले प्रसव की जानकारी लेते हुए प्रतिमाह न्यूनतम 10 संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए। साथ ही जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का लाभार्थियों को समय पर वितरण सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर ने बीएमओ को केंद्र में गर्भवती महिलाओं को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं ओपीडी समय मे किसी प्रकार की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन नही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रकार की समीक्षा बैठक को दोपहर 2 बजे के बाद रखने की बात कही। कलेक्टर ने पीएचसी छुरी को एनक्यूएएस मान्यता प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देशित किया।आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर छुरीकला में निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने पोषण माह अंतर्गत किये जा रहे वजन त्योहार का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी ली एवं प्रत्येक बच्चे का वजन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र में उपस्थित महिलाओं को एनीमिया व कुपोषण के बारे में बताते हुए उससे बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को अपने बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा केंद्र में संधारण की जाने वाली विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया गया एवं बच्चों के टीकाकरण सहित अन्य पंजियों के संधारण में अनियमितता मिलने के कारण सुपरवाइजर को शो कॉज नोटिस जारी करने हेतु महिला व बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम कटघोरा श्री रोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

कोरबा । बारिश के मौसम में जिले में मौसमी बीमारियों में पाँव पसार लिया है। शहरी क्षेत्र में जागरूकता की कमी के कारण डेंगू के लगातार केस मिल रहे हैं। डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 सितंबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के द्वारा डेंगू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस. एन. केशरी ने जिले के नागरिकों से अपील किये है कि उपरोक्त सावधानी बरतकर अपने को डेंगू बीमारी से सुरक्षित रख सकते है।डेंगू बुखार के उपसेक्स लक्षण आने पर चिकित्सक की सलाह से दवाइयों का सेवन करें। इस प्रचार-प्रसार रथ के द्वारा शहरी क्षेत्रों में घूम-घूम कर डेंगू बीमारी के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री पद्माकर शिंदे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती ज्योत्सना ग्वाल तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. केशरी ने बताया कि डेंगू एक बीमारी है जो डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलती है। इस बीमारी के लक्षण जैसे तेज बुखार, मतली और उल्टी, मासपेशियों हड्डियों और जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, पेट में तेज दर्द, मसूड़ों या नाक से खून आना, त्वचा के नीचे रक्त स्त्राव, तेज सांस लेना इत्यादि है। डेंगू लोगों की लापरवाही वा जागरूकता की कमी से फैल रहा है। दरअसल डेंगू फैलाने वाले 'एडिज मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपता है जैसे कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन या टायर इत्यादि। उन्होंने कहा कि डेंगू आपके अपने घर से ही फैलता है आप अपने घरों में पानी के भरे हुए बर्तनों व टंकियों आदि को ढंककर रखें। कूलर को खाली करके सुखा दें, यदि कुलर तथा पानी की टंकियों को पूरी तरह खाली कर पाना संभव नहीं है, तो उनमें सप्ताह में एक बार पेट्रोल या मिट्टी का तेल डाल दें। यह मच्छर दिन के समय काटता है

# कलेक्टर ने गोपालपुर में गिरदावरी एवं धनरास में डिजिटल सर्वे कार्य का किया निरीक्षण




कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कटघोरा विकासखण्ड के गोपालपुर में किए जा रहे गिरदावरी एवं धनरास में डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कटघोरा एसडीएम श्री रोहित कुमार, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने गोपालपुर में किसानों के खेतों में किए जा रहे परम्परागत गिरदावरी कार्य का निरीक्षण कर खसरा एवं रकबे में लगाए गए फसल का सत्यापन किया।कलेक्टर ने किसानों द्वारा ली गई फसल के वास्तविक रकबे का खसरा एवं नक्शा से मिलान किया एवं राजस्व अमले से गिरदावरी के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित गिरदावरी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खसरा क्रमांक एवं रकबे में लगाए गए फसल का सही-सही जानकारी दर्ज करें तथा ऑनलाइन प्रविष्टि भी सावधानीपूर्वक करें। साथ ही गिरदावरी करते समय फसल सिंचित, असिंचित एवं विशेषकर खेतों में पाए गए वृक्षों का खसरा पाचशाला में दर्ज करने के निर्देश दिए।इसी प्रकार कलेक्टर ने धनरास में कृषक बृजपाल के खेत में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का भी निरीक्षण किया। डिजिटल क्रॉप सर्वे की उपयोगिता के बारे में स्थानीय सर्वेयर एवं किसानों द्वारा बताया गया कि इससे त्रुटि रहित गिरदावरी हो रही है। साथ ही यह भविष्य में सीमांकन में भी उपयोगी होगा। गौरतलब है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे शासन की बहुआयामी योजना है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से सर्वे गिरदावरी कार्य आसान बनाया गया है। जिले के दर्री तहसील के 13 ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ हो गया है। जहां जियो रिफ्रेसिंग कार्य पूर्ण किया गया है। सभी खसरों का डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाना है। इसमें स्थानीय लोगो की सहभागिता शत प्रतिशत रहेगी।

## चिरायु टीम द्वारा स्कूल आंगनबाड़ी का विजिट कर बच्चों का किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण

कोरबा । चिरायु योजना (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात ह्रदय रोग, मोतियाबिन्द, कटे-फटे होठ, टेढ़े-मेड़े हाथ पैर सहित 44 गंभीर बिमारियों के इलाज शासन द्वारा कराया जाता है। कोरबा जिले में चिरायु की 12 टीमें कार्य कर रही है। जिनके द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूल में जाकर अध्ययनरत बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं गंभीर बिमारियों से ग्रसित बच्चों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग का चिरायु दल बच्चों की स्क्रीनिग कर शासन को रिपोर्ट भेजते है। समय रहते उपचार से मरीज की स्थिती और अधिक नहीं बिगड़ती और साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को इलाज और जॉच में अधिक व्यय नहीं करना पड़ता है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने उपरोक्त बीमारियो से ग्रसित बच्चों के अभिभावकों से अपील किए है कि वे अपने बच्चों को दिनांक 19 से 21 सितंबर 2024 तक स्कूल एवं ऑगबाड़ी केन्द्र अवश्य भेजें जिससे उनकी जाँच की जा सके। विकासखण्ड कटघोरा में निर्धारित चिरायु की पहली टीम द्वारा 19 सितंबर को प्राथमिक ष्शाला कुम्मरी, सेमिपाली, भाटापारा, प्राथमिक शाला मोहरियामुड़ा, बुंदेली, चाकाबुड़ा, दुल्हिकछार, 20 सितंबर को सुमेधा, 21 सितंबर को केंदईखार, आगारखार, भेलवाटार, रंजना में, कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत चिरायु की टीम द्वारा 19 सितंबर को चाकामार, चचिया, रामपुर, 20 सितंबर को गेरवानी, नवापारा, चचिया, तुलसीनगर, 21 सितंबर को करूमौहा, सर्वमंगलापारा में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह करतला ब्लॉक में 19 सितंबर को पुरेना, सीधापाठ, 20 सितंबर को ठिठोली, भैंसामुड़ा, 21 सितंबर को दादरकला, टोन्डा, पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत 20 सितंबर को सेन्हा, पनरामा, जूनापारा, केतमा, लैंगी, 21 बैगाधनुआर पारा, चोढ़ा के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में शिविर लगाया जाएगा।

# डीपीओ द्वारा किया गया वजन त्यौहार का सत्यापन



कोरबा । जिले में मंगलवार को हरदीबाजार परियोजनांतर्गत रैनपुर एवं तिवरता आंगनबाड़ी केन्द्र में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने उक्त केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के वजन का सत्यापन किया साथ ही पालकों को वृद्धि निगरानी कार्ड प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा बच्चों के खानपान में विशेष ध्यान देने, उनके शारीरिक विकास हेतु आहार में पोषण तत्वों से युक्त भोजन शामिल करने हरी पत्तेदार सब्जियां, शामिल करने की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं किशोरी बालिकाओं को भी अपने खानपान में संतुलित आहार शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र अंर्तगत उपस्थित कार्यकर्ताओं से पोषण माह अंतर्गत की गई गतिविधियों की जानकारी ली गई। समस्त कार्यकर्ताओं को वजन की ऑनलाईन एंट्री सही रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया।

# शासकीय कार्य के प्रति उदासिनता एवं लापरवाही पर कलेक्टर ने पटवारी विमल सिंह को किया निलंबित

### पटवारी हल्का नंबर 11 कोरकोमा के संबंध में शिकायत के बाद की गई जांच

कोरबा । कलेक्टर ने पटवारी हल्का नंबर 11-कोरकोमा तहसील भैंसमा के पटवारी श्री विमल सिंह को कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में जवाब पत्र संतोष प्रद नहीं होने के फलस्वरूप शासकीय कार्य के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 की नियम-3 (1) नियम (क) (ख) (ग) का उल्लंघन मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय राजस्व निरीक्षण मण्डल जटगा तहसील पसान नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इस संबंध में बताया गया कि नवभारत अखबार ने दिनांक 31.08.2024 को 'कलेक्टर साहब ! फौती के लिए पटवारी मांग रहे 80 हजार' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। जिसमें ग्राम कोरकोमा निवासी अरजन सिंह चौधरी पिता स्व. ठंडाराम द्वारा शपथ पूर्वक बयान में बताया गया कि उसके व उसकी पत्नी रूकमणी के नाम पर ग्राम कोरकोमा में भूमि है। दोनों के किसान किताब जीणशीर्ण होकर फट रहें हैं इसलिए पटवारी विमल सिंह के पास जाकर नया किसान किताब बनाने के लिए बोलने पर उनके द्वारा 10 हजार रूपए की मांग की गई।

इसी प्रकार ग्राम कोरकोमा निवासी कमलाबाई पटेल, भेषलाल पटेल द्वारा अपने शपथ पूर्वक बयान में बताया गया कि सह खातेदार गंगाबाई, शिवनारायण, भेषकुमारी, भेषलाल, मेतकुमारी, धनीराम अन्य के संयुक्त खाते में 16.54 एकड़ भूमि है। सह खातेदार रोशन की मृत्यु 30 मई 2023 को हो गई थी। जिसका फौती दर्ज करने के लिए पटवारी श्री विमल सिंह को माह अगस्त 2023 में मृत्यु प्रमाणपत्र, वंशवृक्ष की जानकारी, शपथ पत्र, जमीन का दस्तावेज दिया गया था। फौती नामांतरण दर्ज कर खाता विभाजन कर किसान किताब देने के लिए पटवारी विमल सिंह के द्वारा 80 हजार रूपए की मांग की गई थी और कहा गया था कि 15 दिवस के भीतर फौती नामांतरण व खाता विभाजन कर दूंगा। इस कार्य के लिए जब दस्तावेज दिए उसी दिन ग्राम कोरकोमा गौठान के पास भेष लाल पटेल ने पटवारी विमल सिंह को एडवांस में नगद 40 हजार रूपए दिए गए थे। पटवारी ने कार्य भी नहीं किया और रूपए भी वापस नहीं दिए। पैसे देने के समय शिवनारायण पटेल व सुरेन्द्र पटेल उपस्थित थे। पटवारी के द्वारा पैसे की मांग एवं पैसे लिए जाने संबंधी दोनों प्रकरणों की जांच तहसीलदार भैंसमा द्वारा की गई। तहसीलदार भैंसमा के जांच प्रतिवेदन में प्राप्त निष्कर्ष के अनुसार हल्का पटवारी के द्वारा फौती नामांतरण, खाता विभाजन के लिए आवेदकों से दस्तावेज प्राप्त करने के बाद काफी लंबे समय तक अपने पास रखने व ऑनलाइन फौती नामांतरण एमडी सिरीज में दर्ज नहीं करने और न ही तहसील न्यायालय में प्रस्तुत करने आपत्ति जनक स्थिति को प्रस्तुत करता है। हल्का पटवारी द्वारा किसी कार्य के नाम पैसे की मांग करना तथा गुमराह करने वाला कथन छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत होने से दण्डनीय है। कलेक्टर कोरबा के द्वारा भैंसमा तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के आधार पर कोरकोमा पटवारी हल्का नंबर 11 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## केजीबीवी की अधीक्षिका को किया गया कार्यमुक्त

कोरबा ।कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कटघोरा की छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती गायत्री खाण्डे को उनके मूल शाला हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यमुक्त कर दिया गया है। सरपंच ग्राम डोंगरी विकासखण्ड कटघोरा द्वारा मांग की गई थी कि हायर सेकेण्डरी स्कूल डोंगरी की व्याख्याता गायत्री खाण्डे को अधीक्षिका बनाए जाने पर विद्यालय में वाणिज्य संकाय का अध्यापन प्रभावित हो रहा है। इसलिए व्याख्याता को मूल शाला में पदस्थ किया जाए।

## स्टाफ की जानकारी प्रस्तुत करें पैथोलॉजी संचालक

कोरबा । सीएमएचओ ने सभी निजी पैथोलॉजी लैब / माइनर लैब/ कलेक्शन सेंटर में सेवा देने वाले पैथोलॉजिस्ट, मेडिकल ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ की शैक्षणिक योग्यता, रजिस्ट्रेशन एवं संस्था में सेवा देने व समय के संबंध में शपथ पत्र संबंधित दस्तावेज तीन दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# जनपद पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में जिले के पांचों जनपद पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान (स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता) कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया.कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर अभियान का शुभारम्भ किया गया। जनपद पंचायतों में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष व जनपद सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में शामिल हो कर उपस्थित ग्रामीण, नागरिक, अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् पौधारोपण करके अन्य लोगों को प्रेरित किया। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता हेतु एकजुटता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच विकासखंड के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छाग्रही सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सीईओ जनपद पंचायत के द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए सभी व्यक्तियों का आभार प्रकट किया गया।

## पूर्व महापौर ने देव शिल्पी का पूजा अर्चना कर क्षेत्र के विकास की कामना की

कोरबा। नगर पालिक निगम की पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल पुराना बस स्टेंड कोरबा में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर टैक्सी यूनियन द्वारा पूजा पंडाल में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा अर्चना करते हुए औद्योगिक क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की कामना की। टैक्सी यूनियन के इस कार्य की सराहना करते हुए पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने कहा कि टैक्सी युनियन क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रणी रहा है। अपने सेवा भाव के कार्यों से टैक्सी यूनियन की क्षेत्र में एक अलग पहचान बनी है।

## दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची प्रकाशन सूचना

कोरबा । खनिज न्यास मद से दंत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट एवं ड्रेसर पद की पात्र /अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट मे सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है।कार्यालयीन सूचना क्रमांक/ डी.एम.एफ./2024/8983, कोरबा, दिनांक 28.08.2024 के द्वारा दंत चिकित्सक, फिडिंग डिमोंस्ट्रेटर, रेडियोग्राफर एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के पद की पात्र/अपात्र सूची प्रकाशन कर दिनांक 03.09.2024 को शायं 5:00 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् दावा अपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट` सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है।उपरोक्तानुसार पात्र/अपात्र सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दिनांक 25.09.2024 समय 5:00 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखना ही असली सेवा :अरूणीश

कोरबा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान में शामिल होकर वरिष्ठ पार्षद एवं जिला कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी अरुणीश तिवारी ने मां के नाम एक पेड़ लगाते हुए कहा कि आज देश में कई ज्वलंत समस्याओं का समाधान हो रहा है एवं विकास के नए-नए आयाम देश के प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में तय किया जा रहे हैं श्री तिवारी ने इस अवसर पर नगर पालिका परिषद दीपाका के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा कि नगर की स्वच्छता ही असली सेवा है

# पूर्व राजस्व मंत्री कारपेंटर संघ के विश्वकर्मा पूजा पंडाल पहुंचे

कोरबा। घंटाघर चौक में कारपेंटर संघ द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल घंटाघर चौक के विश्वकर्मा पूजा पंडाल पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए औद्योगिक शहर के विकास की कामना करते हुए संघ के सदस्यों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि कारपेंटर संघ विश्वकर्मा जयंती समारोह को जिस उत्साह व उमंग के साथ परम्परागत रूप से मनाते आ रहा है, वह एक उदाहरण है। संघ के यह कार्य समाज में एक धार्मिक व सामाजिक विचारधारा का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि कारपेंटर संघ के सदस्य समाज के हर तबके से जुड़े हुए है। इनके सहयोग से शहर के औद्योगिक विकास को गति मिल रही है। श्री अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों के वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि, समृद्धि तथा दीर्घायु के लिए भगवान विश्वकर्मा की स्तुति कर भक्तों के मनोरथ पूरी करने कामना की। इस अवसर पर कारपेंटर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

## पोषण माह 2024 अंतर्गत वजन त्योहार का हो रहा आयोजन



**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में पोषण माह 2024 अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्ती जिले में 12 सितंबर से 23 सितंबर 2024 के मध्य वजन त्योहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सक्ती जिले के 165 आंगनबाड़ी केंद्रो में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया वजन त्यौहार में पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन समूह की महिलाए मिलकर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन और ऊंचाई लेकर उनके अभिभावकों से डोर टू डोर मिलकर बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर रखने के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान, स्वच्छता के उपाय की जानकारी, हाथ धुलाई तथा रैली सहित विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है।

## कई स्थान पर पौधों का किया रोपण



**सक्ति ।** अग्रवाल सभा एवं अग्रसेन जयंती समारोह समिति द्वारा भगवान अग्रसेन जी की जयंती 3 अक्टूबर को धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाएगी। जयंती पर्व के पूर्व समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं इस अवसर पर आज सर्वप्रथम 18 सितंबर को विशाल वृक्षारोपण का कार्यक्रम सार्वजनिक स्थान एवं मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया सुबह 8.00 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में अग्रवाल सभा शक्ति एवं श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के सदस्यों की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर जहां विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रमुख मार्गदर्शक रामावतार अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका शक्ति, अमरलाल अग्रवाल (ठेकेदार) होटल गिरिराज रैन बसेरा, राकेश अग्रवाल , राकेश अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल ओम ज्वैलर्स एवं कपूरचंद अग्रवाल लीला सेल्स के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जहां श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के अध्यक्षराजकुमार अग्रवाल (राजू) एवं कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल भी उपस्थित रहे। रामावतारअग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्य सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है एवं अग्रवाल समाज द्वारा अपने अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में सर्वप्रथम वृक्षारोपण के साथ ही शुभारंभ कर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया गया है ।

# देश की स्वतंत्रता में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का अतुलनीय योगदानः कमलेश

**जांजगीर-चांपा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की 68 वीं पुण्य स्मृति में एक दिवसीय स्मृति समारोह का सी-मार्ट परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर में आयोजन किया गया। स्मृति समारोह में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक जांजगीर ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार के परिजनों एवं बैरिस्टर ठा. छेदीलाल के परिवारजनों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कृषक संगोष्ठी, विधिक संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आयोजित कृषक संगोष्ठी में किसानों को जैविक खेती, नवीन कृषि यंत्रों और तकनीकों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को नमन करते हुए कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का देश की स्वतंत्रता में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल ने देश की स्वतंत्रता के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए है. हम महान विभूति की स्मृति को याद कर रहे है। इससे आने काली पीढ़ी को उनके विचार, किए गए कार्यों को जानने का अवसर मिलेगा।



विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा में अग्रपंक्ति के थे। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सेवक, राष्ट्र सेवक थे, उन्होंने लगातार कृषकों की बेहतरी के लिए कार्य किया है। हर विषय पर उनकी गहरी पकड़ थी, उन्होंने क्षेत्र का नाम रोशन किया है उनका नाम संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य के रूप में नाम है। उन्हें स्मृति समारोह के माध्यम से याद करने का अवसर मिलता रहा है।

अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने जो त्याग और बलिदान दिया आज उसे समझने का दिन है। उन्होंने गरीब, कृषक के लिए कार्य किया है। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल एक व्यक्ति ही नहीं अपितु एक विचार है। ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्र विजय प्रताप सिंह एवं गुलाब सिंह चंदेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्हें नमन। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल अकादमी के अध्यक्ष देवेश सिंह ने आभार व्यक्त करते। हुए कहा कि विगत 24 वर्षों से लगातार बैरिस्टर छेदीलाल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आयोजन समिति, उपस्थित अतिथियों एवं जिला प्रशासन का आभार किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश सिंह एवं दीपक यादव ने किया। इस अवसर पर बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्री रत्नावली नगर पालिका परिषद, जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, पूर्व विधायक अंबेश जांगडे, नगर पालिका उपाध्यक्ष अ गोस्वामी, जपं नवागढ़ अध्यक्ष श्रीमती प्रीति देवी सिंह, दिनेश शर्मा, परस शर्मा, इंजी. रवि पांडेय, विवेक सिसोदिया, रमेश पैगवार, प्रताप सिंह, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, डीएफओ श्रीमती प्रियंका पांडेय, अपर कलेक्टर एस सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, कृषक, अधिकारी-कर्मचारी अधिवक्तागण एवं नागरिक गण उपस्थित थे।एक दिन के आयोजन से जनप्रतिनिधि नाराज, मंचस्थ अतिथियों ने कहा- गरिमा के अनुरूप होना चाहिए आयोजन।

बैरिस्टर ठा छेदीलाल स्मृति समारोह का आयोजन बीते दाई सकों से उतार होता आ रहा है. तब यह कार्यक्रम सीम दिनों का होता था जिसमें प्रत्येक दिवस अपना विद्याओं से संबंधित कार्यक्रम होते थे। कार्यक्रम की ख्याति ऐसी रहो कि ना केवल जिला और बल्कि प्रदेश और देश के नामचीन हरितयों का आगमन होता। इसके लिए राज्य भाजन ने बजट भी स्वीकृत किया था। ताकि बैरिस्टर साहब की गरिमा के अनुरूप यह कार्यक्रम हो सकें, लेकिन जिला प्रशासन ने पूरे आयोजन को एक दिन में निपटा दिया। इस बात की चर्चा केवल दर्शक दीर्घ के बीच होती रही बल्कि अपने उदबोधन में अतिथियों ने भी प्रशासन को स्पष्ट कहा कि आयोजन बैरिस्टर साहब की सारिमा के अनुरूप होना चाहिए। इतना ही नहीं मुख्य अतिथि सांस कमलेश जांगड़े से भी इसे नाम से लिया और आमजन की ओ को ध्यान में रखते हुए अगले साल से इस आयोजन को पूर्व की भांति गरिमा के अनुरूप तीन दिन का कराए जाने की घोषणा की।

**जनभावनाओं से हो रहा खिलवाड़**

जिला मुख्यालय जांजगिर में बैरिस्टर स्मृति समारोह एवं जाजवल्य लोक महोत्सव कृषि मेला आज से जुड़ा हुआ है. लेकिन पिछले कुछ सालों से प्रशासनिक अमला आयोजनों को औपचारिकता पूरी कर रहा है। बैरिस्टर स्मृति समारोह को एक दिन में सिमट दिया गया। शुक्र है आम जन को भावनाओं को जनप्रतिनिधियों से समझा और मंच से ही इसका उल्लेख करते हुए जन के अनु रूप गरिमामय आयोजन करने के निर्देश प्रशासन को दिए।

## शिविरः 67 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई

चांपा। नगर के घठोली चौक स्थित ओशोधारा पेट्रोलियम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पंप संचालक अंकित सिंह ने बताया कि इस एक दिवसीय शिविर में अनुभवी डॉक्टरों ने 67 मरीजों का बीपी शुगर, यूरिन, नेत्र व खून जांच और इलाज किया॥ शिविर में आंख की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक दुबे के नेतृत्व में की गई। लोगों में जहां मोतियाबिंद और कम दिखने जैसे बीमारी के लक्षण पाए गए। इसमें लोगों को डॉक्टर मयंक दुबे ने ट्रीटमेंट के लिए उचित सलाह भी दी। शिविर में डॉ. केआर सिंह, भरत पटेल, पीजू थामस, राजू कर्ष, जयपाल पैथोलैब, राजू यादव के अलावा उनके स्टॉफ का सहयोग रहा। शिविर में आंखों की मशीन से जांच कराते लोग।

# गुरुश्री मिनरल्स पर शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाने का आरोप

## डोलोमाइट खनन में करोड़ों रुपए की रॉयल्टी चोरी

**जैजैपुर ।** जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छितापहरिया के खसरा नंबर 5/2 रकबा 4.99 पर राज्य सरकार के द्वारा गुरुश्री मिनरल्स डोलोमाईट खनन के लिए पट्टा आरी किया गया था। जिसमे पूर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर करीब 34 लाख टन डोलोमाईट खनिज संपदा होने का उल्लेख किया गया था। जिसके उत्खनन के लिए गुरुश्री मिनरल्स को 30 साल के लिए लीज पर दिया गया था, लेकिन गुरुश्री मिनरल्स के संचालक मुकेश बंसल ने खनिज विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत करते हुए 30 साल के लीज वाले खदान की डोलोमाइट का उत्खनन 10 साल में कर खदान को खाली कर दिया।

संचालक ने लगभग 10 लाख टन की ही रॉयल्टी खनिज विभाग में जां की, जबकि शासन से जिस खसरा नंबर पर डोलोमाइट खनन की लीज जारी किया था, उस स्थान पर वर्तमान में विशाल गड्ढा बनकर पानी भर गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत छितापड़रिया के खसरा नंबर 5/2 रकबा 4.99 पर 30 साल के लिए डोलोमाईट खनन का लीज दिया गया था। जहां पर विभागीय पूर्वेक्षण के आधार पर 34 लाख टन डोलोमाइट खनिज संपदा होने का अनुमान लगाया था। लेकिन गुरुश्री मिनरल्स के संचालक ने रायल्टी के नाम पर खनिज विभाग को लगभग 19 लाख टन ही जमा किया जिसकी कीमत करीब 26 करोड़ 80 लाख रुपए है। जबकि खदान पूर्ण रूप से खाली हो गया है। 34 लाख टन डोलोमाइट का का खनन कर सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया गया है।

ग्राम पंचायत छितापड़रिया में गुरुश्री मिनरल्स द्वारा डोलोमाइट खनन की शिकायत में गुरुवार को राजस्व विभाग और खनिज विभाग के टीम द्वारा संयुक्त रूप से जांच की जाएगी। जांच में जो भी गड़बड़ी मिलेगी, उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट दी जाएगी। गोविंद अनंत, खनिज निरीक्षक

**भौतिक सत्यापन में रायल्टी चोरी का मामला आ जाएगा सामने**

पूरे मामले में यदि जिला प्रशासन निष्पक्ष जांच कराती है तो निश्चित रूप से छितापड़रिया के खदान में हुई डोलोमाइट के अवैध उत्खनन और रायल्टी चोरी का मामला सामने आ जाएगा और शासन को हुई करोड़ोकी राजस्व की भरपाई भी हो सकती है, लेकिन जिला प्रशासन भी शासन को हुई करोड़ों की राजस्व को वसूलने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है जो कि समझ से परे है। वहीं इससे प्रशासनिक कार्रवाई पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

**जमीन मालिक ने की कलेक्टर से शिकायत**

पूरे मामले में जमीन मालिक ने बालेक्टर से शिकायत करते हुए गुरुश्री मिनरल्स के संचालक और खनिज विभाग के ऊपर आरोप लगाते हुए बंद खवरून में रायल्टी जारी करने का आरोप लगाया है। जमील मालिक रघुवीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि उसके नाम निजी भूमि ग्राम सितापइरिया में खसरा नंबर 5/2 में 4.99 हेक्टेयर भूमि स्थित है। जिस पर डोलोमाइट सानन के लिए गुरु श्री मिनरल्स के संचालक को सन 2011 से 2041 तीस वर्षों के लिए लीज पर दिया हूं, लेकिन उक्त भूमि में करीब दो साल से पानी भर गया है। उसके बावजूद भी खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा पानी भरे खदान में कैसे रायल्टी जारी किया जा रहा है वह समझ से परे है। शिकायतकर्तों ने कलेक्टर से खदान की जांच कर उसकी जमीन को वापस दिलाने की मांग की है ताकि उसमें अपनी जीविका चला सके।

## विश्वकर्मा जयंतीः तुस्मा के सब स्टेशन में प्रतिमा स्थापना की गई

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा के सब स्टेशन में विश्वकर्मा जंयती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर सब स्टेशन को सजाया गया। उसके साथ ही आकर्षक झालर भी लगाई गई, जो रात्रि में आकर्षक का केंद्र रही। परिसर में भगवान की प्रतिमा स्थापित कर उसकी पूजा-अर्चना की गई। 18 सितंबर को प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट इंजीनियर प्रतीक भगत, कनिष्ठ यंत्री नरेश नेताम, कनिष्ठ यंत्री वंदना ध्रुव, लाइन इंस्पेक्टर कुंदन सिंह नेताम, वीरेन्द्र बंजारे, सहायक लाइन मैन रामकुमार साहू व बिजली विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



# छह सूत्रीय मांगों को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षा विभाग में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। किसी ना किसी बात को लेकर विवादों में रहे जिला शिक्षा विभाग में इन दिनों लिपिक पदोन्नति और पदस्थापना में बड़ा खेला हो रहा है। दरअसल इसमें हो रही गड़बड़ी को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और कोसिलिंग से पदाकंन करने सहित 6 सूत्रीय मांगे रखी।

बुधवार 18 सितंबर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर डीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में फेडरेशन ने लिपिक पद में हो रही पदोन्नति में गड़बडी रोकने काउंसिलिंग के माध्यम से पदांकन करने की मांग रखी। उनका आरोप था कि पदोन्नति के लिए डीपीसी हो गई है औरमनचाहे स्थान में पोस्टिंग पाने के नाम पर लेन देन हो रहा है। ऐसी स्थिति में फेडरेशन ने मांग है कि लिपिक पद पर पदोन्नति प्रक्रिया काउंसलिंग के माध्यम से की जाए ताकि निर्धारित योग्यता एवं पात्रता रखने वालों का लिपिक पद पर पदोन्नति हो सके। इसी प्रकार उन्होंने कहा है कि सामान्य भविष्य निधि के प्रकरण का समय सीमा में निराकृत किया जाना चाहिए, ताकि संबंधित लोगों को इसका लाभ हो सके, शिक्षा विभाग में विभागीय जांच एवं शिकायत की जांच समय सीमा में हो, ताकि प्रभावित लोगों को समय पर न्याय मिल सके। समय-समय पर परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित की जाए। जिले के सरकारी स्कूलों में सेवा देने वाले अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का मानदेय जुलाई महीने से नहीं मिला है। उसका भुगतान अविलंब कराए जाने की मांग उन्होंने की है। अंतिम बिन्दु में उन्होंने जिले में स्कूल संचालन का समय अन्य जिलों की तरह 10 से

4 बजे तक करने और इस आदेश को प्रसारित करने की मांग की है। उनका कहना था कि शासन द्वारा स्कूल संचालन का समय 10 से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है, लेकिन जांजगीर चांपा जिले में स्कूल संचालन का समय 9ः45 से 4 बजे तक मौखिक आदेश के आधार पर दबावपूर्वक किया जा रहा है। इस बारे में उन्होंने अन्य जिलों की तरह 10 बजे से 4 बजे के निर्धारित समय में संचालन करने और इस आदेश को सभी स्कूलों में प्रसारित करने की मांग की है। फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने इन सभी समस्याओं के निराकरण करने की मांग की है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में जिला क्रीड़ा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



## दिल्ली और आगरा के कलाकारों ने दिखाए करतब

**बाराद्वार।** नगर में गणेश विसर्जन बुधवार की देर रात्रि तक संपन्न हुआ। गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को वाहनों में रखकर आकर्षक ढंग से सजाया। इस दौरान धूमाल, कर्मा, बैण्ड, ढोल, ताशा, नगाड़ों की थाप में थिरकते हिए श्रद्धालुओं ने गणेश विसर्जन किया। विसर्जन यात्रा में इस वर्ष मेरठ, दिल्ली, आगरा से आए कलाकारों ने बाहुबली हनुमान, 31 मुख की काली माता, शिव तांडव, अघोरी नृत्य की वेशभूषा धारण करते हुए जीवंत झांकिया दिखाई।

# डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को पड़ रहा भटकना

**सारागांव।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार पड़ा हुआ है। नगर पंचायत सारागांव चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ नगर है। यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं हैं। जिससे यहां के लोगों को बेहतर इलाज के लिए चांपा, जांजगीर, बाराद्वार बम्हनीडीह, बिलासपुर तक जाना पड़ता है। पहले उक्त अस्पताल में एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ थे। जिनका भी स्थानांतरण हो गया। उसके बाद उनके स्थान में कोई अन्य डॉक्टरों की यहां पद स्थापना नही की गयी है। सारागांव में पहले उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हुई थी। स्थापना के कई वर्षों तक स्थिति

ठीक ठाक चलती रहीए वही इसे बाद में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की दर्जा दी गयी लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाचार पड़ा है। यहां के स्वास्थ्य केंद्र अब खुद अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है।



**लैब में जांच कराने कई दिनों तक करना पड़ता है इंतजार**

नगर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन सप्ताह में दो दिन ही यहां ड्यूटी करते हैं। जिससे लोगों को छोटी सी जांच के लिए भी कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। पहले यहां लेब टेक्नीशियन पदस्थ थे, जो रोजाना यहां ड्यूटी करते थे। इससे नियमित रूप से जांच की सुविधा लोगों को मिल रही थी। लेकिन उनके स्थांतरण के बाद यहां केवल दो दिन ही जांच की सुविधा मिल रही है।

**स्टॉफ की कमी से जूझ रहा स्वास्थ्य केंद्र**

यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वीकृत पदों में से आधे से ज्यादा पद सालों से खाली हैं। जिन्हें पूरा करने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। सारागांव नगर पंचायत होने व बड़े आबादी वाले नगर होने के बाद भी यहां की इस तरह की हालत एक विडंबना ही है। लोग आस लेकर यहां इलाज कराने पहुंचते हैं, मगर उनको यहां से मायूस होकर अन्य निजी अस्पतालों की शरण लेना पड़ता है। जिससे क्षेत्र के लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश भी पनप रहा है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/ /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2024 जांजगीर, दिनांक / /2024

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24
ग्राम-खोखरा

**मृत्यु प्रमाण पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम खोखरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिशुल कुमार राठौर पिता गोविद साकिन ग्राम-खोखरा, तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ..... ग्राम खोखरा में अपने/अपनी गोवर्धन के मृत्यु दिनांक 5.9.1992 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक .../.../2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के आवेदन पर मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 21.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी जांजगीर**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/ /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2024 जांजगीर, दिनांक / /2024

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24
ग्राम-खोखरा

**मृत्यु प्रमाण पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम खोखरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिशुल कुमार राठौर पिता गोविन्द साकिन ग्राम-खोखरा, तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ..... ग्राम खोखरा में अपने/अपनी सरजू प्रसाद के मृत्यु दिनांक 20.6.2006 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक .../.../2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के आवेदन पर मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 21.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी जांजगीर**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202408050400021
/अ-21/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार हरीश परसाई एवं अशोक अग्रवाल निवासी कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15002 रकबा 0.86 ए. में से भूखण्ड क्रमांक 16 रकबा 2248 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्रीमती उपासना गुप्ता पति सौरभ गुप्ता जाति अग्रवाल निवासी एचआईजी-21 एमपी नगर कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 27/09/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — **तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202408050400049
/अ-21/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार श्री हरीश परसाई/श्री अशोक अग्रवाल निवासी- कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-कोरबा,प.ह.नं.16, रा.नि.मं. कोरबा, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15002 रकबा 0.86 ए. में से भू-खण्ड क्र.-14 रकबा 1893 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेतागण-01, श्री शिवशंकर डिक्सेना उम्र-43 वर्ष 02. श्री संदीप डिक्सेना उम्र-लगभग 38 वर्ष दोनों पिता स्व. रामखिलावन डिक्सेना निवासी-मकान नंबर 442/5, देव मंदिर रामपुर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 27/09/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — **तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202409050100028
अ-6-अ/2023-24
ग्राम- दादरखुर्द, प.ह.नं. 21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बसंती देवी चन्द्रा पति गंगा राम चन्द्रा जाति-चन्द्रनाहू, निवासी-बल्गी परियोजना, कोरबा तहसील कटघोरा व जिला कोरबा (छ.ग.) के नाम पर ग्राम-दादरखुर्द प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. दादरखुर्द स्थित नवीन मसाहती के पूर्व पुराना ख.नं. 184/2 में से, रकबा 0.55 एकड़ में से $0.04^{1/2}$ ए. 0.018 ए. भूमि विक्रेता छेदूलाल थवाईत पिता स्व. धनीराम थवाईत से क्रय किया गया था। जो नामांतरण के पश्चात् खसरा नंबर 184/2ग दर्ज है। नवीन मसाहती सर्व के पश्चात् आवेदक के नाम पर नया खसरा नंबर 564/1 रकबा 0.018 हे. राजस्व अभिलेखों में दर्ज हुआ है। परन्तु ऑनलाईन बी-1 खसरा में 564/1, का रकबा 0.008 हे. दर्ज है। जिसे सुधार करते हुए रकबा 0.018 हे. राजस्व अभिलेखों में अभिलेख दुरूस्ती किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 04/10/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — **तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)**

## 10 दिनी व्रत रखने वालों का हुआ पारणा संस्कार, जुलूस भी निकाला

**अकलतरा।** दस लक्षण महापर्व पर जैन समाज के पांच लोगों ने 10 दिनों तक लगातार उपवास रखने के साथ साधना की। इसमें सुनील जैन की पुत्री एडवोकेट समिधा जैन, अयन जैन की पत्नी आकांक्षा जैन, डॉक्टर शशांक जैन की पत्नी पूजा जैन, सीए राहुल दोशी की पत्नी श्रुति दोषी और रजत जैन की पत्नी सौम्या जैन शामिल है। इनका पारणा संस्कार हुआ। इस मौके पर जैन मंदिर से समाज के लोगों ने पारणा जुलूस निकाला। जुलूस जैन मंदिर, बजरंग चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग आजाद चौक होते हुए वापस जैन भवन में पहुंचा।

धर्म सभा में ब्रह्मचारी मनोज भैया ने कहा कि दस लक्षण महापर्व समाज के लोगों द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। दस लक्षण महापर्व के दौरान समाज के लोगों ने उपवास रखा। जैन धर्म में उपवास के दौरान 24 घंटे में एक बार ही जल लेकर उपवास रखा जाता है। उपवास के दौरान किसी प्रकार का अनाज, फल या अन्य किसी चीजों का सेवन नहीं किया जाता है। समाज के पांच लोगों का अपनी तप और साधना से 10 दिनों तक लगातार उपवास रखा गया। वर्तमान युग में मनुष्य एक समय भी बिना भोजन के नहीं रह सकता, लेकिन धर्म में इतनी शक्ति है कि 5 लोगों द्वारा 10 दिनों तक बिना अन्न ग्रहण किए साधना जारी रखी गई।

भगवान का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हुआ। 10 दिनों तक उपवास के माध्यम से पूजा पाठ व धार्मिक कार्यों में भी पूरी सहभागिता निभाई गई। समाज के लोग दस लक्षण महापर्व से प्रेरणा लेकर छोटे-छोटे नियम लेकर धर्म मार्ग की ओर आगे बढ़े। प्रतिदिन मंदिर में अभिषेक पूजन का नियम लेने के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में सहभागिता लेने का संकल्प लेने के साथ एकजुट होकर जैन समाज के लोग सामाजिक कार्यों के साथ-साथ मानवता के कार्य में भी अपनी सहभागिता निभाई।

योग व आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरूकता लाएं प्राचीन समय में लोग बुखार और अन्य बीमारी आने पर जड़ी-बूटी व अन्य साधनों का उपयोग करते थे। योग और आयुर्वेद भारत की प्राचीन पद्धति है। आज इस संपूर्ण विश्व अपना रहा है, लेकिन योग व आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति हम जागरूक नहीं है। जैन भवन में सामूहिक रूप से आयोजित पारणा संस्कार में 5 लोगों को जल और अन्य चीजें पिलाने के साथ पारणा संस्कार किया गया।

## अनमोल वचन......

**सपने देखो और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करोः अब्दुल कलाम**

# यूपीआई भुगतान का चलन

क्या सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि यूपीआई एग्रीगेटर अपना बोझ यूजर्स पर ट्रांसफर ना करें? अगर वह ऐसा नहीं कर सकती, तो उसका मतलब छोटे ऑनलाइन भुगतान को हतोत्साहित करना समझा जाएगा। यूपीआई के जरिए दो हजार रुपये से कम के भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का प्रस्ताव फिलहाल टल गया है। सोमवार को हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में इस पर सहमति नहीं बनी, इसलिए इसे विचार के लिए फिटमेंट कमेटी को भेज दिया गया है। अब कमेटी बताएगी कि यूपीआई पेमेंट पर टैक्स लगाने के क्या प्रभाव होंगे।

प्रस्ताव यह है कि ऐसे हर भुगतान पर पेमेंट एग्रीगेटर को (यानी जिस ऐप के जरिए भुगतान किया गया हो), 18 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। ये आशंका ठोस है कि ये एग्रीगेटर खुद पर पडने़ वाले टैक्स के बोझ के कारण सेवा को महंगा बना देंगे। अंततः यूपीआई के जरिए 2000 रुपये से कम का भुगतान अभी की तरह बिना लागत के नहीं रह जाएगा।

मुद्दा है कि क्या सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि एग्रीगेटर अपना बोझ यूजर्स पर ट्रांसफर ना करें। वह ऐसा नहीं कर सकती, तो उसका मतलब छोटे ऑनलाइन भुगतान को हतोत्साहित करना समझा जाएगा। यह निर्विविद है कि यूपीआई भुगतान का चलन बढने़ से आम जन की जिंदगी आसान हुई है।इससे हाट-बाजार में लोगों को खुल्ले पैसा संबंधी दिक्कतों से राहत मिली है। आज एक रुपया से लेकर बड़े-बड़े भुगतान के लिए लोग यूपीआई का सहारा ले रहे हैं। आंकड़ा यह है कि कुल पेमेंट में लगभग 80 फीसदी भुगतान 2000 रुपये से कम के होते हैं। आशंका है कि सरकार की नई मंशा से लोगों के लिए ऐसे भुगतान करना महंगा हो जाएगा। इस तरह बाजार में नकदी का चलन बढ़ेगा, जिसे घटाना सरकार का घोषित उद्देश्य रहा है। इसलिए बेहिचक कहा जा सकता है कि छोटे यूपीआई भुगतानों पर जीएसटी लगाना गलत सोच पर आधारित प्रस्ताव है। फिटमेंट कमेटी को इसे सिरे से ठुकरा देना चाहिए।यह अच्छी बात है कि जीएसटी काउंसिल ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी घटा दिया गया है। साथ ही जीवन बीमा और मेडिकल बीमा पॉलिसियों पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी पर पुनर्विचार की जिम्मेदारी एक समिति को सौंपी गई है। ये टैक्स भी गलत सोच पर आधारित हैं। बुनियादी रूप से इन चीजों पर टैक्स होना ही नहीं चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में बीतेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार को दिए रूपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है । आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनिरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के नये मौके मिलेंगे ।

**मिथुन राशि-**आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है, सफलता मिलने के योग बने हुये है।ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। आज किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे । अगर आज नये बिजनेस की शुरूआत करना चाहते है तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें । बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढेगा।

**कर्क राशि-**आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है । विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे । दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा । धार्मिक कार्यों में आज आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे । साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका भी मिल सकता है । आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी । आज जरुरत से ज्यादा खर्चों पर रोक लगाना चाहिए । विद्यार्थी अपने रुके प्रोजेक्ट को पूरा कर सकते हैं ।

**सिंह राशि-**आज आपका दिन लाभदायक रहेगा।आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी, रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढाई में रूचि बढ़े। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे। किसी से लिया कर्ज आज आप वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियाँ कम होंगी, जिससे आप रिलैक्स महसूस करेंगे ।

**कन्या राशि-**आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही को पूरी होगी। आज फैशन डिज़ाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज संतान पक्ष से कोई अच्छी खबर मिलेगी।

**तुला राशि-**आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है । आज आपको खानपान का ख़ास ख्याल रखना चाहिए । आपकी आमदनी की अपेक्षा आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी । आज किसी नए कार्य में आपकी रूचि बढ़ेगी । आज वाहन चलाते समय आप फ़ोन का इस्तेमाल न करें । विद्यार्थी आज अपनी पढाई पर ध्यान देंगे । आज बिजनेस में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा ।

**वृश्चिक राशि-**आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे, मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जो अविवाहित हैं उनके विवाह के लिए अच्छे रिश्ते आयेंगे। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे, उनसे अपने मन की बात शेयर करेंगे। आज वाहन लेने का अवसर आपको मिल सकता है। डिज़ाइनर्स को आज कोई बड़ा लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु राशि-**आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आप अपने किसी क्लाइंट से विडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपका कोई रिश्तेदार आपके लिए उपहार लेकर आयेगा।

**मकर राशि-**आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। पहले से चली आ रही पारिवारिक अनबन आज समाप्त होगी। आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कोई नया वाहन लेने का विचार आज आप अपने परिवार वालों के साथ करेंगे। स्टेशनरी का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का बड़े अधिकारीयों से संपर्क बढ़ेगा।

**कुंभ राशि-**आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला हैय़। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी, जो आगे चलकर आपके काम आयेगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी, जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। अपने आप को एकदम फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें।

**मीन राशि-**आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी ख़ास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। बिजली व्यापारियों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरुआत करने की सोच रहे है। आज उनके लिए दिन शुभ है। आज पूरा दिन आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, आय के नए स्रोत भी आपको मिलेंगे ।

# घाटी में बसे दो प्रकार के वर्ग

//बलबीर पुंज//

**अब्दुल्ला-मुफ्ती परिवारों का दोहरा मापदंड किसी से छिपा नहीं है। यह लोग जब दिल्ली में होते है, तब सेकुलरवाद', एकता, शांति, भाईचारे की बात करते हुए एकाएक भावुक हो जाते है। किंतु घाटी लौटते ही उनके भाषणों/वक्तव्यों में भारतीय एकता-अखंडता के प्रति घृणा, तो बहुलतावाद-लोकंतत्र विरोधी इस्लामी कट्टरपंथियों के लिए सहानुभूति दिखती है।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव 18 सितंबर से लेकर एक अक्टूबर के बीच तीन चरणों में संपन्न होंगे। चुनाव का मुद्दा क्या है। क्या कश्मीर वर्ष 2019 से पहले के उस कालखंड में लौटे, जब क्षेत्र में सभी आर्थिक गतिविधियां बंद थी, विकास कार्यों पर लगभग अघोषित प्रतिबंध था, सेना-पुलिसबलों पर लगातार पत्थरबाजी होती थी, गाए-बगाए अलगाववादियों द्वारा बंद बुला लिया जाता था और वातावरण पाकिस्तान जिंदाबाद' जैसे भारत विरोधी नारों से दूषित होता रहता था। या फिर इस केंद्र शासित प्रदेश में बीते पांच वर्षों की भांति वैसी विकास की धारा बहती रहे, जिसके कारण कश्मीर तुलमात्मक रूप से शांत है, देश के शेष हिस्सों की तरह संविधान-कानून का इकबाल है और बहुलतावादी संस्कृति के साथ समरसता से युक्त वातावरण है।

यह प्रश्न इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि इस चुनाव में जम्मू-कश्मीर के बड़े क्षत्रप दल नेशनल कॉन्फ्रेंस ने राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है, जिसका घोषणापत्र मतदाताओं से वादा करता है कि सत्ता में लौटने पर उस जहरीली धारा 370-35ए को भारतीय संविधान में बहाल करेंगे, जिसके सक्रिय रहते (अगस्त 2019 से पहले) पूरा सूबा अंधकार में था, पर्यटक आने से कतराते थे, सिनेमाघरों पर ताला लगा हुआ था, मजहब केंद्रित आतंकवाद, पाकिस्तान समर्थित अलगाववाद का वर्चस्व था और शेष देश की भांति दलित-वंचितों के साथ आदिवासियों को मिलने वाले संवैधानिक अधिकारों (आरक्षण सहित) पर डाका था।धारा 370-35ए के संवैधानिक परिमार्जन के बाद जम्मू-कश्मीर पिछले पांच वर्षों से गुलजार हो रहा है। तिरंगामयी हो चुके श्रीनगर स्थित लालचौक की रौनक देखते ही बनती है। पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। तीन दशक से अधिक के लंबे फासले के बाद नए-पुराने सिनेमाघर संचालित हो रहे हैं। देर रात तक लोग प्रसिद्ध शिकारा की सवारी का आनंद ले रहे हैं। स्कूल-कॉलेज और विश्वविद्यालय भी सुचारू रूप से चल रहे हैं। दुकानें भी लंबे समय तक खुली रहती हैं। स्थानीय लोगों का जीवनस्तर सुधर रहा है। जिहादी दंश झेलने के बाद वर्षों पहले घाटी छोड़कर गए कश्मीरी पंडित धीरे-धीरे लौटने लगे है।

बदली परिस्थिति में जी-20 सम्मेलन हो चुका है, तो फिल्म निर्माता-निर्देशक घाटी की ओर फिर से आकर्षित होने लगे है। जम्मू-कश्मीर की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत, देश-विदेश से लगभग सवा लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं, जिससे प्रदेश में 4169 लाख रोजगार पैदा होने का अनुमान है। यहां तक, गत वर्ष कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी श्रीनगर में तिरंगे के साथ अपनी महत्वकांशी भारत जोड़ो यात्रा' का समापन कर चुके है। अगस्त 2019 से पहले क्या स्थिति थी, यह पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे के हालिया वक्तव्य से स्पष्ट है।जम्मू-कश्मीर का एक वर्ग पाकिस्तानी मानसिकता से ग्रस्त है। चूंकि पाकिस्तान किसी देश का नाम न होकर स्वयं में एक विचारधारा है और काफिर-कुफ्र' अवधारणा से प्रेरणा पाता है, इसलिए घाटी के कुछ नेता इसी चिंतन का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र को पुराने, मजहबी, अराजकवादी और मध्यकालीन दौर में लौटाना चाहते है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी भी घाटी में इसी विभाजनकारी मानस के प्रमुख झंडाबरदार है। जातिगत जनगणना की हिमायती कांग्रेस का गठबंधन उसी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ है, जिसने अपने चुनावी घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर में सभी आरक्षणों की समीक्षा' करने की भी बात कही है। यह वादा क्षेत्र में वाल्मिकी-आदिवासी समाज के साथ मुस्लिम गुज्जर और बकरवालों के अधिकारों पर कुठाराघात करता है। यही नहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस फिर से अलगाववाद से प्रेरित स्वायत्तता' की बात कर रहा है। उनके घोषणापत्र में उन कैदियों को रिहा करने का वादा किया गया है, जो आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के शामिल होने के कारण जेल में बंद है। साथ ही उसमें श्रीनगर के प्रसिद्ध शंकराचार्य पर्वत को तख्त-ए-सुलेमान' और हरि पर्वत किले को कोह-ए-मरान' के रूप में संदर्भित किया गया है।

जम्मू-कश्मीर में प्रमुख क्षत्रपों के अतिरिक्त सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस' और अल्ताफ बुखारी की जेके अपनी पार्टी' के साथ जेल में बंद अलगाववादी शेख अब्दुल राशिद (राशिद इंजीनियर) की अवामी इत्तेहाद पार्टी' भी चुनावी मैदान में है। जब से राशिद इंजीनियर ने इस वर्ष बारामूला की लोकसभा सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के शीर्ष नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बुरी तरह परास्त किया है, तब से आशंका जताई जा रही हैं कि राशिद एक प्रभावशाली ताकत बनकर उभर सकते है, जो क्षेत्र के साथ शेष देश के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

लोकसभा चुनाव में उमर की करारी हार ने घाटी में अधिकांश सीटें जीतकर वापसी की उम्मीद कर रही नेशनल कॉन्फ्रेंस की स्थिति को धुंधला किया है। इसी हताशा और अवसरवाद की खोज में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया है, जो गुलाम नबी आजाद द्वारा अगस्त 2022 में पार्टी छोडने़ के बाद लगभग कमजोर हो चुकी है। बात यदि पीडीपी की करें, तो उसकी शीर्ष नेत्री और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को भी अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर हार का मुंह देखना पड़ा था। उमर और महबूबा की हार से स्पष्ट है कि घाटी के लोग परिवारवादियों से मुक्ति चाहते है। राष्ट्रीय दल के रूप में भाजपा एक बड़ी पार्टी है, जिसका 43 विधानसभा सीटों वाले जम्मू क्षेत्र में मजबूत आधार है।

अब्दुल्ला-मुफ्ती परिवारों का दोहरा मापदंड किसी से छिपा नहीं है। यह लोग जब दिल्ली में होते है, तब सेकुलरवाद', एकता, शांति, भाईचारे की बात करते हुए एकाएक भावुक हो जाते है। किंतु घाटी लौटते ही उनके भाषणों/वक्तव्यों में भारतीय एकता-अखंडता के प्रति घृणा, तो बहुलतावाद-लोकंतत्र विरोधी इस्लामी कट्टरपंथियों के लिए सहानुभूति दिखती है। सच तो यह है कि घाटी में बसे दो प्रकार के वर्ग– भारत-हितैषी और भारत-विरोधी, इन राजनीतिक परिवारों की असलियत जान चुके है और इनसे छुटकारा पाना चाहते है।

यह कहना तो कठिन है कि घाटी की जनता किस ओर जाएगी। इसका खुलासा 8 अक्टूबर को ईवीएम आधारित मतगणना के बाद हो जाएगा। परंतु इतना स्पष्ट कहा जा सकता है कि यदि प्रदेश को इसी तरह विकास के पथ पर चलना है और अलगाववादी-सांप्रदायिक-अराजक तत्वों से छुटाकारा पाना है, तो उन्हें संकीर्ण और मध्यकालीन मजहबी मानसिकता से ऊपर से उठकर सोचना होगा।

# हार्ट अटैक की दोषी पाम ऑयल

//रजनीश कपूर//

**हार्ट अटैक वाले ज्यादातर लोगों की उम्र 50 साल से कम है। यदि आप सोच रहे हैं कि इस सबके पीछे आपकी जीवन शैली है तो ऐसा सही है। परंतु आपकी जीवन शैली में ऐसी कौनसी कमी है जो हार्ट अटैक का कारण बन रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका दोषी पाम ऑयल है।. साल 2022 में भारत में पाम ऑयल की खपत आठ मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हुई थी। दिल-ए-नादाँ तुझे हुआ क्या है, आखरि़ इस दर्द की दवा क्या है। मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की यह गज़ल काव्यात्मक और रूपकात्मक रूप से जीवन के शाश्वत व मौलिक प्रश्न पूछती है। ग़ालिब की यह प्रसिद्ध गज़ल, वास्तविकताओं को काव्यात्मक रूप से व्यक्त करने की कुशलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। परंतु आज हम जिस विषय को उठा रहे हैं वह इससे भी ज़्यादा गंभीर है। हृदय रोग से संबंधित बीमारियों और उनसे होने वाली जवान मौतों के बढ़ते हुए आँकड़े हम सभी के मन में कुछ अहम सवाल पैदा कर रहे हैं। कुछ लोग इसे कोविड के लंबे असर से भी जोड़ रहे हैं परंतु कोविड के अलावा भी अन्य कारण हैं जो अल्पायु में हृदय रोग को बढ़ावा दे रहे हैं।**

ज़्यादातर देखा गया है कि दिल का दौरा या हार्ट अटैक 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों आता है। दिल का दौरा पडने़ के और कारणों में से प्रमुख है मधुमेह या शुगर के मरीज़ और ब्लड प्रेशर के मरीज़। इन मरीज़ों में हार्ट अटैक की संभावना काफ़ी अधिक होती है। इसके साथ ही धूम्रपान करने वाले व्यक्ति भी दिल के मरीज़ कब बन जाते हैं इसका पता नहीं चलता।इसका कारण यह है कि धूम्रपान करने से दिल का दौरा पडने़ की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को जब पता चलता है कि वो दिल का मरीज़ बन गया है तब तक काफ़ी देर हो जाती है। 40 वर्ष की आयुवर्ग के लोगों को दिल का दौरा पडना़ अधिक धूम्रपान करने की वजह से होता है। साथ ही जो व्यक्ति तनाव की ज़िंदगी जीते हैं, नियमित व्यायाम नहीं करते, बेवजह और हर समय जंक फ़ूड का सेवन करते हैं। वे भी इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। क्या कभी आप ने सुना है किसी हट्टे-कट्टे व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी तमाम खबरें सामने आ रही हैं जहां व्यक्ति अपने रोज़मर्रा के काम या आराम के समय अचानक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। मृत्यु का कारण दिल का दौरा। कुछ लोग इसे चीन से आए कोरोना के वायरस का साइड इफ़ेक्ट बता रहे हैं।एक शोध के अनुसार अमेरिका में कोविड से ठीक हुए व्यक्तियों में 20 तरह के हृदय रोग के लक्षण पाए गए। इनमें उन लोगों के मुक़ाबले, जिन्हें कोविड नहीं हुआ, हृदय गति रुक जाने या हार्ट फेल होने की संभावना 72 फ़ीसद अधिक पाई गई। इनमें औरों के मुक़ाबले स्ट्रोक आने की संभावना भी 17 प्रतिशत अधिक पाई गई।

हाल ही में इमरजेंसी मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (ईएमआरआई) की एक रिपोर्ट सामने आई है । जिसके नतीजे कहते हैं, हार्ट अटैक वाले ज्यादातर लोगों की उम्र 50 साल से कम है। यदि आप सोच रहे हैं कि इस सबके पीछे आपकी जीवन शैली है तो ऐसा सही है। परंतु आपकी जीवन शैली में ऐसी कौनसी कमी है जो हार्ट अटैक का कारण बन रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका दोषी पाम ऑयल है। इतना ही नहीं यह पाम ऑयल मदिरापान और धूम्रपान से कहीं अधिक खतरनाक है। सोशल मीडिया में मुंबई के जगजीवन राम अस्पताल के डॉक्टर पी के समांतराय का एक संदेश काफ़ी चर्चा में है। वे कहते हैं कि, ÷दुनिया में भारत पाम ऑयल का सबसे बड़ा आयातक है। हमारे देश में पाम ऑयल माफिया बहुत ताक़तवर है। इनके कारण हमारे बच्चे, जो देश का भविष्य हैं, एक बड़े ख़तरे में जी रहे हैं।

आज हमारे देश में पाम ऑयल के बिना कोई फास्ट फूड नहीं मिलता। यदि आप किराने की दुकान पर जाते हैं और पाम ऑयल के बिना बच्चों के लिए कोई खाद्य पदार्थ लेने का प्रयास करें तो आप सफल नहीं होंगे। देश में ज़्यादातर बिस्किट और चॉकलेट भी बिना पाम ऑयल के नहीं बनते। डॉ समांतराय आगे कहते हैं कि, हमें विज्ञापनों के द्वारा यह विश्वास दिलाया जाता है कि ऐसे खाद्य पदार्थ स्वस्थ हैं । लेकिन हम जानलेवा पाम ऑयल या पामिटिक एसिड के बारे में कभी नहीं जानते थे। लेज़' जैसी बड़ी कंपनियां पश्चिमी देशों में अलग तेल बेचती हैं और भारत में पाम ऑयल का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए करती हैं क्योंकि यह सस्ता है। जब भी हमारा बच्चा पाम ऑयल युक्त उत्पाद खाता है, तो मस्तिष्क अनुचित व्यवहार करता है और हृदय के आसपास और हृदय में वसा स्रावित करने का संकेत देता है। जिससे बहुत कम उम्र में मधुमेह हो जाता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि कम उम्र में मरने वाले 50 प्रतिशत लोग मधुमेह और हृदय रोग से मरेंगे। पाम ऑयल माफिया ने हमारे बच्चों को दिल की सुरक्षा करने वाले फलों और सब्जियों को छोड़कर जंक फूड का आदी बना दिया है। अगली बार जब आप अपने बच्चे के लिए कुछ खरीदें, तो उत्पाद का लेबल देखें। जिस खाद्य पदार्थ में पाम आयल हो उसे कभी न लें। साथ ही हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल के रोग को हल्के में न लें और दिल के प्रति सतर्क रहें। समय समय पर होने वाले शोध भी बताते हैं कि रेडी-टू-ईट और पैकेज्ड फूड्स में अक्सर पाम ऑयल होता है। जो हमारे सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकता है। पाम ऑयल में सैचुरेटेड फैट काफी मात्रा में पाई जाती है। यह बॉडी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ाता है। इसके कारण दिल की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। साल 2022 में भारत में पाम ऑयल की खपत आठ मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हुई थी। यदि हमें अपने हृदय को स्वस्थ रखना है तो अपनी जीवन शैली में उचित सुधार लेन होंगे और अपने बच्चों को भी स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा।

## अलविदा दोस्त, आप बहुत याद आओगे

आम तौर पर किसी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव को लोग उसकी ईमानदारी, सादा जीवनशैली और मार्क्सवादी पार्टी के सिद्धांतों में अटूट आस्था के लिए याद करते हैं। येचुरी को लोग इन सब मूल्यों के लिए तो याद कर ही रहे हैं लेकिन- चाहे वो राजनीतिज्ञ हों, पत्रकार हों या आंदोलन के सहभागी हों- वे सब सर्वप्रथम अपने दोस्त सीता' को याद कर रहे हैं। एक दृष्टि से शायद ये किसी वामपंथी के लिए सबसे बड़ा सम्मान है क्योंकि आखिर कॉमरेड शब्द का अर्थ ही साथी या दोस्त होता है।

जब से सीताराम येचुरी के असामयिक निधन की खबर आई है तब से सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि देते संदेशों की बाढ़ आ गई है। आम तौर पर किसी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव को लोग उसकी ईमानदारी, सादा जीवनशैली और मार्क्सवादी पार्टी के सिद्धांतों में अटूट आस्था के लिए याद करते हैं। येचुरी को लोग इन सब मूल्यों के लिए तो याद कर ही रहे हैं लेकिन- चाहे वो राजनीतिज्ञ हों, पत्रकार हों या आंदोलन के सहभागी हों- वे सब सर्वप्रथम अपने दोस्त सीता' को याद कर रहे हैं।

एक दृष्टि से शायद ये किसी वामपंथी के लिए सबसे बड़ा सम्मान है क्योंकि आखिर कॉमरेड शब्द का अर्थ ही साथी या दोस्त होता है। यह शब्द समाज में आर्थिक और राजनीतिक सत्ता से उत्पन्न नकली पदवियों का प्रतीकात्मक खंडन कर उसके बरक्स इंसानों के बीच नैसर्गिक समानता का सूचक है। सीताराम को दोस्त की तरह याद किया जाना उनके वामपंथी मूल्यों को जीने का प्रमाण है।

सीताराम का जाना एक युग के अंत का इशारा है। उनकी पीढ़ी आजादी के तुरंत बाद उपनिवेशवाद से उपजी भयंकर गरीबी से जूझ रहे भारत में जन्मी थी। उसने नेहरू के समय में अपनी सूझ-बूझ विकसित की थी। वह दौर आत्मकेंद्रित पूंजीवाद के महिमामंडन का नहीं, बल्कि सामूहिकता और समाजवाद के सपनों का दौर था जिसका प्रत्यक्ष राजनीतिक परिलक्षण अमेरिका और सोवियत संघ के संघर्ष में दिखाई देता था। यही कारण था की उस वक्त के इलीट का एक बड़ा हिस्सा वामपंथी और समाजवादी आदर्शों से प्रभावित होकर उन आन्दोलनों से जुड़ा। तत्कालीन राजनीति में बहस गरीबी के दंश से निपटने और उसको पैदा करने वाली परिस्थितियों के आमूलचूल परिवर्तन के ऊपर केंद्रित होती थी। इस परिपेक्ष में तत्कालीन कांग्रेस और समतावादी विपक्ष में समय-समय पर स्पर्धा और सहयोग का दौर चला। जिसके चलते भारत की लोकतंत्र की जड़ें और गहरी हुईं और राष्ट्रनिर्माण की धारा का रुख सदैव प्रगतिशील दिशा की ओर रहा। सोवियत संघ के विघटन के साथ ही वामपंथ के महाख्यान पर एक बड़ा आघात हुआ। उसके बाद बाजार के साथ-साथ अस्मिता की राजनीति का भी विस्तार हुआ और संपत्ति के बटवारे की जगह सत्ता में भागीदारी की मांग उठी।

## तस्वीरों की दुनिया




भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के जयपुर में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के 18वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया।



केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में विज्ञान भवन में एनपीएस वात्सल्य योजना के शुभारंभ समारोह में भाग लेती हुई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों के आवास का दौरा करते हुए लोगों का अभिवादन करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत करते हुए।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ महासचिव प्रभारी (संगठन) केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस सांसद अजय माकन, पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने नई दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में हरियाणा के लिए कांग्रेस की गारंटी की घोषणा की।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव कांग्रेस समर्थकों के साथ नई दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय के पास राहुल गांधी के बारे में कुछ भाजपा नेताओं द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।



वाराणसी में बारिश के बाद गंगा नदी में जल स्तर बढ़ने पर दशाश्वमेध घाट के किनारे नावें खड़ी हैं।

**लालबागचा राजा अरब सागर में धूमधाम से विसर्जित**

## अनंत अंबानी के चढ़ाए 15 करोड़ के मुकुट का क्या हुआ



**मुंबई 19 सितम्बर।** मुंबई के लाल बाग इलाके में मौजूद भगवान गणपति की प्रतिमा लालबागचा राजा का बुधवार को धूमधाम तरीके से भक्तों ने विसर्जन कर दिया। विसर्जन में मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी ने भी हिस्सा लिया। हजारों भक्तों ने पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया। मंगलवार को ही 10 दिवसीय गणेश उत्सव का समापन हुआ है। भगवान गणपति की प्रतिमा को बुधवार सुबह मुंबई के गिरगांव बीच के नजदीक अरब सागर में विसर्जित किया गया। विसर्जन में हजारों भक्तों के साथ अनंत अंबानी भी मौजूद थे।

इससे पहले शनिवार को मुकेश अंबानी ने बेटा अनंत अंबानी और बहू राधिका मर्चेंट व श्लोका मेहता के साथ लालबागचा राजा की पूजा अर्चना की थी। अनंत अंबानी की भगवान गणपति पर गहरी श्रद्धा है। यही वजह है कि इस साल उन्होंने लालबागचा राजा को 20 किलोग्राम का सोने का मुकट चढ़ाया था। इसकी कीमत 15 करोड़ रुपये है। हालांकि विसर्जन से पहले इस मुकुट को उतार लिया गया। अनंत अंबानी विसर्जन के आखिरी तक गिरगांव चौपाटी बीच पर मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। लोगों को अनंत अंबानी की श्रद्धा खूब भा रही है।

# मोदी कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को दी मंजूरी, पांच करोड़ से अधिक आदिवासियों को मिलेगा लाभ

**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

मोदी सरकार ने जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य आदिवासियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है। योजना पर कुल 79156 करोड़ रुपये खर्च आएगा जिसमें से केंद्र सरकार 56333 करोड़ रुपये देगी जबकि 22823 करोड़ रुपये राज्यों की हिस्सेदारी होगी। योजना के तहत देश के आकांक्षी जिलों और आदिवासी बहुल गावों का समग्र विकास किया जाएगा। जिसमें देश भर के 63000 आदिवासी बहुल गावों को कवर किया जाएगा और उन्हें बुनियादी सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रेक्टर में सेचुरेशन मोड तक ले जाया जाएगा। इस योजना से पांच करोड़ आदिवासियों को लाभ होगा।

देशभर में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आदिवासी बहुल 549 जिलों और 2740 ब्लाकों को ये योजना लागू होगी। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के अंतर को खत्म करके जनजातीय क्षेत्र और जनजातीय समुदाय का सतत विकास सुनिश्चित करना है। इस योजना के क्रियान्वयन में केंद्र सरकार के 17 मंत्रालय 25 क्षेत्रों में काम करेंगे। आदिवासी विकास योजना के तहत आवंटित राशि अगले पांच वर्ष में चार उद्देश्यों से संबंधित योजनाओं पर



खर्च होगी जिसमें गावों में इन्फ्रास्ट्रक्टर का विकास, पक्के घरों का निर्माण, आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना जिसमें कौशल विकास, उद्यमिता को प्रोत्साहन और स्वरोजगार को बढ़ावा देना शामिल है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न मंत्रालय मिल कर काम करेंगे जिसमें शहरी विकास मंत्रालय 20 लाख घरों का निर्माण करेगा और 25000 किलोमीटर ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा। गांव के हर घर तक स्वच्छ पेयजल सुविधा, बिजली कनेक्शन, मोबाइल मेडिकल यूनिट की स्थापना, आयुष्मान कार्ड, एलपीजी कनेक्शन, सहित सभी तरह की सरकारी सुविधा मुहैया कराना है। इसके अलावा 100 ट्राइबल मल्टी परपस मार्केटिंग सेंटर्स, आश्रम, स्कूलों और हॉस्टलों का इन्फ्रास्ट्रक्टर बेहतर करना, सीकेल सेल व खून की कमी से निबटने के लिए केद्र स्थापित करने के साथ की तरह की सुविधाओं के प्रविधान हैं।

### अवैध निर्माण तुरंत ध्वस्त करें, सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को लगाई फटकार, अवमानना कार्रवाई की भी दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार और कोलकाता नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि शहर में शत्रु संपत्ति पर अवैध और अनधिकृत निर्माण को तुरंत ध्वस्त किया जाए। शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 के तहत किसी शत्रु या शत्रु फर्म के स्वामित्व वाली, उसके पास रखी हुई या प्रबंधित की गई संपत्ति को शत्रु संपत्ति के रूप में परिभाषित किया गया है। जस्टिस सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पीड़ित पक्षों के लिए नगर भवन न्यायाधिकरण नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए बंगाल सरकार की खिंचाई की और अवमानना कार्रवाई की चेतावनी दी। जस्टिस सूर्यकांत ने खुली अदालत में आदेश सुनाते हुए कहा- बंगाल सरकार, कोलकाता नगर निगम, भारत के शत्रु संपत्ति के संरक्षक और अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि हाई कोर्ट के निर्देशानुसार अवैध और अनधिकृत निर्माण को तुरंत ध्वस्त कर दिया जाए।

# हर तरह के युद्धों का सामना करने को तैयार रहें, सीडीएस ने युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर भी दिया जोर



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा विवाद के बीच चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि भारत की सैन्य तैयारियां बहुत उच्च कोटि की होनी चाहिए और छोटे और तेज टकरावों के साथ-साथ लंबी अवधि के युद्धों का सामना करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में जनरल चौहान ने राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख स्तंभों के रूप में ऑपरेशनल (परिचालन) तैयारियों, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, सैन्य हार्डवेयर के परिवर्तन और स्वदेशीकरण का जिक्र किया। जनरल चौहान ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के सबसे हिंसक दशक में राष्ट्रों के बीच संघर्षों को रोकने के लिए बल का उपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने कहा कि बढ़ती अनिश्चितता और असुरक्षा राष्ट्रों को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को नवीनीकृत करने और रक्षा पर खर्च बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है। हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ की रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा आयोजित विदेशी सेवा अताशे (एफएसए) को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी परिचालन तैयारियां बहुत उच्च स्तर की होनी चाहिए। हमें छोटे और तीव्र संघर्षों से लेकर लंबी अवधि के युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। भारत अपनी युद्ध क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहा है खासकर पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर विवाद के बाद से। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने डाटा केंद्रित युद्ध के महत्व और युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर भी जोर दिया। सीडीएस ने रक्षा क्षमता विकास और रणनीतिक स्वायत्तता में भारत की आत्मनिर्भरता के बारे में भी जानकारी दी।

### गणेश विसर्जन के दौरान इन राज्यों में बवाल, कहीं हुआ पथराव तो कहीं चले चाकू

**ठाणे।** गणेश प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर महाराष्ट्र और कर्नाटक में पत्थरबाजी और चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं। महाराष्ट्र के ठाणे में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पथराव के बाद दो गुटों में संघर्ष हो गया। वहीं कर्नाटक के बेलगावी में दो गुटों में छूरेबाजी हुई, जिसमें तीन लोग घायल हुए और तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। महाराष्ट्र के ठाणे के भिवाणी में बुधवार को गणेश प्रतिमा के विसर्जन के इंतजार में खड़े लोगों पर कुछ लोगों के पथराव करने के दौरान तनाव बढ़ गया और दो समुदायों में संघर्ष हो गया।

# पानी की बूंद-बूंद को तरसेगा पाकिस्तान! नेहरू-अयूब खान के 64 साल पुराने समझौते पर मोदी सरकार ने लिया फैसला



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

दशकों पुराने सिंधु जल संधि को लेकर भारत ने पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। भारत ने इस समझौते में बदलाव की मांग उठाई है। भारत ने पाकिस्तान से दो टूक कहा है कि सिंधु जल समझौते की समीक्षा किया जाना जरूरी है। समाचार एजेंसी को सरकारी सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि बीते महीने 30 तारीख को पाकिस्तान को नोटिस जारी किया गया है। समझौते की जो वजह बताई गई हैं, उनमें- जनसंख्या में बदलाव, पर्यावरण संबंधी मुद्दे और भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता शामिल है। भारत ने कहा कि समझौते के बाद से परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं।भारत ने समीक्षा के पीछे सीमा पार से जारी आतंकी गतिविधियों को भी कारण बताया है।

भारत ने कहा कि आतंकवाद के चलते संधि के सुचारू तरीके से संचालन में बाधा आ रही है।समझौते के बाद से एकतरफा संधि चली आ रही है। समझौते के बाद बहुत कुछ अब बदल चुका है। जनसंख्या में इजाफा हुआ है। खेती के लिए और अधिक पानी की आवश्यकता है। साथ ही क्लीन ऊर्जा के लिए पानी की जरूरत है। भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर हुए थे। विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति अयूब खान ने कराची में इस पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत भारत को तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का नियंत्रण मिला, जबकि पाकिस्तान को तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम का नियंत्रण प्राप्त हुआ।

## गाय-भैंसों के सात पुश्तों का इतिहास बताएगी चिप, पीएम मोदी करेंगे लांच



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

कृत्रिम गर्भाधान के चलन ने स्वदेसी पशुओं की आनुवंशिकी को अत्यधिक परिवर्तित किया है। इससे दूध की मात्रा में तो वृद्धि हुई है एवं भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन गया है, लेकिन इसका दूसरा पक्ष है कि दूध की गुणवत्ता में गिरावट आई है। भारत ने ऐसी जीनोमिक चिप डेवलप किया है, जो गाय-भैंसों के पिछले सात पुश्तों की आनुवंशिक स्थिति को तुरंत बता देगी। यह चिप आत्मनिर्भर भारत के उदाहरण के साथ-साथ देसी नस्लों की मवेशियों के संरक्षण एवं गो-पालकों की आय बढ़ाने में सहायक होगी। चिप तैयार है, जिसे 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लांच कर सकते हैं।जीनोमिक चिप के जरिए किसी जीव के आनुवंशिक इतिहास का अध्ययन किया जाता है। कई विकसित राष्ट्रों ने डेयरी क्षेत्र की समृद्धि के लिए मवेशियों की आनुवांषिकी में काफी सुधार किया है, लेकिन उनके द्वारा तैयार चिप उनके ही पशुओं के अनुकूल है। भारतीय पशुओं की स्थितियां भिन्न हैं। इसलिए पशुपालन मंत्रालय ने गाय-भैंसों की स्वदेसी एवं उत्तम नस्लों के चयन के लिए अपना चिप बनाया है, जिसे गोवंश के लिए गौ चिप एवं भैंस के लिए महिष चिप नाम दिया गया है। कृत्रिम गर्भाधान के चलते अपने देश की लगभग दो तिहाई से ज्यादा स्वदेसी गोवंश की पीढ़ियां संकर नस्ल की हो चुकी हैं। वैज्ञानिक तरीके से देसी नस्ल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गोकुल मिशन की शुरुआत 2014 में की गई थी।

# तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम में किया जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल, सीएम चंद्रबाबू का जगन सरकार पर बड़ा आरोप

**अमरावती, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को पिछली वाईएसआरसीपी सरकार पर एक गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने एक पवित्र मिठाई यानी विश्व प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू को बनाने में घटिया सामग्री और जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया था। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा संचालित तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में मांग के अनुरूप लड्डू दिया जाता है। नायडू ने



एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए दावा किया कि यहां तक कि तिरुमाला के लड्डू भी घटिया सामग्री से बनाए गए थे।

उन्होंने घी के बजाय जानवरों की चर्बी का उपयोग किया। हालांकि, उन्होंने आगे कहा कि अब शुद्ध घी का उपयोग किया जा रहा है। मंदिर में हर चीज को साफ कर दिया गया है।

इससे गुणवत्ता में सुधार हुआ है। वाईएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने नायडू पर तिरुमाला मंदिर की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। रेड्डी ने एक्स पर तेलुगु में लिखा कि चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। तिरुमाला प्रसाद के बारे में उनकी टिप्पणियां बेहद दुर्भावनापूर्ण हैं। कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्द न बोले ना आरोप लगाए।

# महिला डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना, संविदा कर्मियों पर नहीं छोड़ सकते सुरक्षा, सुप्रीम कोर्ट ने दागे कड़े सवाल

**कोलकाता, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 31 वर्षीय महिला के साथ हुई घटना के बाद देश के कई हिस्सों में अभी भी विरोध प्रदर्शन चल रहा है। वहीं, डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट के सामने कटघरे में खड़ी है जहां शीर्ष अदालत ने कड़े सवालों से बंगाल सरकार की बोलती बंद कर दी। बंगाल सरकार के वकील के रूप में, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के कदमों को सूचीबद्ध किया, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सवाल किया कि अस्पताल में सुरक्षा ड्यूटी पर संविदा कर्मचारी और नियमित पुलिसकर्मी क्यों नहीं थे। मुख्य न्यायाधीश ने इस तथ्य की ओर भी इशारा किया कि डॉक्टर के दुष्कर्म-हत्या का आरोपी संजय रॉय एक संविदाकर्मी ही था, जिसकी अस्पताल के हर कोने तक निर्बाध पहुंच थी।

मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि क्या अस्पतालों में तैनात नए सुरक्षाकर्मी महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के तरफ से ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी या संविदकर्मी ही थे। सिब्बल ने जवाब दिया कि वे पुलिसकर्मी थे और स्पष्ट किया कि सुरक्षा



ड्यूटी पर संविदा कर्मचारी एक अल्पकालिक उपाय था और उनकी जगह नियमित पुलिसकर्मी लेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने इस पर कहा कि आप जानते है कपिल सिब्बल, वास्तव में क्या हुआ था। आरोपी संविदाकर्मी था। यदि आप संविदात्मक लोगों का एक और समूह रखने जा रहे हैं।

तो इन संविदात्मक लोगों को सात दिनों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा और फिर वे अस्पताल में इधर-उधर घूमते रहेंगे। इन संविदा कर्मचारियों के रात में अस्पताल में घूमने से युवा डॉक्टरों, विशेषकर महिला डॉक्टरों को क्या सुरक्षा मिलेगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, महिला डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना है। उन्हें नहीं पता कि ये लोग कौन हैं। सिब्बल ने जवाब दिया कि सीआईएसएफ कर्मी वर्तमान में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में तैनात हैं और जूनियर डॉक्टर, जो काम बंद विरोध पर हैं, ड्यूटी में शामिल हो सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने जवाब दिया, सीआईएसएफ वहां थोड़े समय के लिए रहेगी। सिब्बल ने कहा कि राज्य सरकार तब तक व्यवस्था कर लेगी।मुख्य न्यायाधीश ने राज्य सरकार से कहा कि जब आप संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा सौंपते हैं, खासकर अस्पतालों में, जहां लोग 36 घंटे ड्यूटी पर होते हैं, तो समस्या होती है। वस्तुतः महिला डॉक्टरों के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। इस पर सिब्बल ने कहा कि हर अस्पताल में एक पुलिस चौकी है, तो मुख्य न्यायाधीश ने जवाब दिया कि पुलिस चौकी के बावजूद, एफआईआर में देरी हुई।जब सिब्बल ने जवाब दिया कि यदि अदालत चाहेगी तो राज्य सरकार रतिरर साथी (नाइट ड्यूटी पर लोग) को भंग कर देगी, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह अदालत की इच्छा का सवाल नहीं है, हम शासन के प्रभारी नहीं हैं। सिब्बल ने कहा कि अदालत को राज्य मशीनरी पर कुछ भरोसा होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि युवा छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आते हैं।

# दिल्ली-यूपी में नहीं थम रहा बारिश का दौर, बिहार के कई जिलों में बाढ़ से तबाही, पहाड़ों पर तूफान की चेतावनी

**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों में वर्षा से बुरा हाल है। यूपी के कई जिलों में बुधवार से बारिश लगातार हो रही है। सबसे बुरे हालात बिहार के हैं। यहां बाढ़ के चलते कुल 274 विद्यालय बंद कर दिए गए हैं। विभिन्न पंचायतों के 20 स्कूल या तो पानी से पूरी तरह घिर गए हैं या उनमें पानी प्रवेश कर गया है। बुधवार से स्कूलों में परीक्षा भी प्रारंभ होने वाली थी। शिक्षकों व छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए परीक्षा स्थगित कर दी गई है। पहाड़ी राज्यों के कई इलाकों में मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में हिमालय की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी



है। मौसम विभाग ने हिमाचल के कांगड़ा, चंबा, कुल्लू व मंडी जिले में 19 सितंबर को वर्षा के साथ तूफान चलने का यलो अलर्ट जारी किया है।

उधर, उत्तर प्रदेश में कानपुर व आसपास के जिलों में मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक रुक-रुककर हुई वर्षा के दौरान कच्चे घरों और पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई।बिहार के कई जिलों में वर्षा के कारण नदियां उफान पर है। बक्सर, भोजपुर, बेगूसराय व सारण जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने आरा (भोजपुर) में 149 व बेगूसराय में 125 विद्यालयों को बंद कर दिया है। बुधवार को सोन नदी में रोहतास जिले के इंद्रपुरी बराज से छह लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कई घरों में पानी भी प्रवेश कर गया है। जमुई जिले में बहने वाली किऊल नदी में काम करने के दौरान एक बिजली मिस्त्री नदी के तेज बहाव में बह गया। झारखंड के पलामू जिले के मोहम्मदगंज स्थित कोयल नदी पर स्थित भीम बांध से एक लाख 73 हजार 902 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से प्रशासन ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में कर दिया है। रिहंद और बाण सागर से भी पानी छोड़ा गया है जिससे तीन से चार दिन तक और पानी बढ़ने की स्थिति बन सकती है। जहानाबाद जिले में एक बार फिर फल्गु नदी उफना गई है। खगड़िया में गंगा, बूढ़ी गंडक और बागमती खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। समस्तीपुर जिले के मोहनपुर में भी गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि होने लगी है।

# सरकार के लिए मुश्किल होंगे एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए संविधान संशोधन, विपक्षी पार्टियां लगातार कर रहीं विरोध

**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

एक राष्ट्र-एक चुनाव की अवधारणा को हकीकत में बदलने के लिए संविधान में जो संशोधन करने की जरूरत होगी, वर्तमान हालात में उन्हें पारित कराना भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के लिए मुश्किल होगा। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की एक राष्ट्र-एक चुनाव पर की गई सिफारिशों पर अमल करने के लिए सरकार को संविधान में 18 संशोधन करने पड़ सकते हैं। राजग को 543 सदस्यीय लोकसभा में 293 और राज्यसभा में 119 सदस्यों का समर्थन हासिल है। संविधान संशोधन पारित कराने के लिए प्रस्ताव को लोकसभा में साधारण बहुमत के साथ ही



सदन में मौजूद एवं मतदान करने वाले दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त होना चाहिए।

अगर संविधान संशोधन के प्रस्ताव पर मतदान वाले दिन लोकसभा के सभी 543 सदस्य उपस्थित रहते हैं तो उसे 362 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। विपक्षी आईएनडीआईए के लोकसभा में 234 सदस्य हैं। राज्यसभा में राजग के 113 सदस्य हैं और छह नामित सदस्य को इसमें जोड़ सकते हैं। जबकि आईएनडीआईए के उच्च सदन में 85 सदस्य हैं। मतदान वाले दिन अगर सदन के सभी सदस्य उपस्थित रहे तो दो-तिहाई 164 होंगे।

### तीन दिनों तक चलेगी प्रदेश व्यापी हड़ताल

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने कलम बंद कर किया धरना प्रदर्शन



**चरचा कालरी।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के द्वारा अपनी मुख्य मांगों के समाधान हेतु तीन दिवसीय 18 सितंबर से 20 सितंबर तक प्रदेश व्यापी कलम बंद एवं धरना प्रदर्शन के तहत नगर पालिका शिवपुर चर्चा के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने भी पालिका कार्यालय के सामने काम बंद कर,धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया गया।

नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में निकाय के इंजीनियर आलोक चक्रधारी वी शशि भूषण श्रीवास्तव ने ज्ञापन लिया ज्ञापन में उल्लेखित है कि समस्त नगरीय निकायों से सीधे प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में वेतन भुगतान किया जाए,, नगरीय निकायों में 5 ,8, 10 वर्षों से निरंतर कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में नियमित किया जाए ,छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 13 मार्च 2024 को गठित बारीक समिति में महासंघ के पदाधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए धरना एवं विरोध प्रदर्शन में नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धरमू दास ,उपाध्यक्ष मोहम्मद जैनुल हक अंसारी ,उदय सह सचिव मोहम्मद सदीक, मुकेश कोषाध्यक्ष आर.के. सिंह संभाग महासचिव राजकिशोर सिंह, पूनम देवी ,शिवराम ,देवेंद्र नायडू ,ज्वाला प्रसाद राकेश विश्वकर्मा , बाजूदास, अमरेंद्र, रमेश कुमार टिल्लू सचिन शर्मा,ललन सिंह, सहित समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित थे प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से नगर पालिका का कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ नगर पालिका के वाहनों के चक्के थमे रहे वही टेक्निकल काम भी बाधित रहा प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के द्वारा आम नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत करते हुए निर्णय लिया गया कि नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र मैं पानी सप्लाई, गेज इंटक वेल ,फिल्टर प्लांट ,फायर ब्रिगेड आदि आवश्यक व्यवस्थाएं यथावत चालू रहेगी स्वच्छता दीदी एवं स्वच्छता कमांडो कार्य पर उपस्थित रहेंगे।

## शिक्षक-पालक बैठक हुई सम्पन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा रोहित व्यास के निर्देशन में जिले के समस्त शासकीय शालाओं में शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक के सुचारू संचालन हेतु जिले के शीर्षस्थ अधिकारियों की ड्यूटी निरीक्षण हेतु लगाई गई है। इनके द्वारा संकुल समन्वयकों से सम्पर्क कर उनके संकुल क्षेत्र में आने वाली किसी भी शाला के आयोजित बैठक में उपस्थित होना है। बैठक में छात्रों की नियमित उपस्थिति, तिमाही परीक्षा में उनके परिणामों पर चर्चा, विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी, शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी जिले व राज्य स्तर से संचालित विभिन्न आवासीय विद्यालयों जैसे- जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय, सैनिक स्कूलों में प्रवेश संबंधी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में चर्चा किया गया।

## पुराना बस स्टैंड में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

**सूरजपुर।** नगर पालिका परिषद सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 पुराना बस स्टैंड में ''स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024'' अंतर्गत वृहद स्वच्छता श्रमदान का आयोजन नगर पालिका परिषद सूरजपुर द्वारा कराया गया। जिस उपलक्ष्य में मानव सेवा दल सूरजपुर एवं चौपाटी के लोगों द्वारा स्वच्छ श्रमदान कर अपने चौपाटी मार्केट एरिया को साफ एवं स्वच्छ बनाया गया साथ ही साथ संकल्प लिया गया की हम अपने आसपास सफाई बनाए रखेंगे एवं दुकान से निकलने वाले कचरे को डोर टू डोर कलेक्शन कर गाड़ी में ही गीला व सूखा कचरे को अलग-अलग करके देंगे।



# प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

### कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और विद्यार्थियों ने किया अवलोकन




**कोरिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना थीम पर आधारित एक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें श्री मोदी के बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा को दर्शाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अन्य अधिकारियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन की झलक को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह प्रदर्शनी न केवल प्रधानमंत्री के जीवन को करीब से जानने का अवसर देती है, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण से प्रेरणा लेने का एक माध्यम भी है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और देश के सर्वांगीण विकास के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला जनसंपर्क के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री के जीवन और उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी भी दी। विद्यार्थियों ने कहा कि इस प्रदर्शनी से उन्हें अपने जीवन में भी कर्तव्यनिष्ठा और अडिगता से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं और विकास योजनाओं की जानकारी भी छाया चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की गई, जिससे आमजन इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित हो सके। यह प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में चलेगी।

## कलेक्टर ने ली रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक



**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने रेडक्रॉस की गतिविधियों, सदस्यता अभियान, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर, एंबुलेंस के संचालन, नि:क्षय मित्र अभियान, सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर जानकारी ली गई। बैठक में नवनियुक्त सदस्यों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अधिक से अधिक सदस्य बनाने हेतु प्रेरित करने को कहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र छात्राओं के रेडक्रॉस सोसायटी जोड़ने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को रेडक्रॉस की गतिविधियों से अवगत कराएं, जिससे उनके मन में सेवा एवं दान की भावना आए। साथ ही उनकी सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। इसी तरह उन्होंने कॉलेज के छात्र छात्राओं को भी प्रोत्साहित किए जाने की बात कही। बैठक में डिप्टी कलेक्टर प्रियंका रानी गुप्ता, सोनहत एसडीएम श्री राकेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल, शैलेश शिवहरे, महेंद्र वेद, डॉ गौरव कांत बड़ेरिया, नरेश सोनी, बसंत राय, श्री सुभाष सोनी, रवि गुप्ता, आशीष बड़ेरिया, हीमांशु अवस्थी उपस्थित थे।

## अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता सोम को मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अपर कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर कोरिया को उन्हें पूर्व में आवंटित कार्यों के अतिरिक्त नोडल अधिकारी, नगरीय प्रशासन विभाग (नगर पालिका बैकुण्ठपुर/शिवपुर चरचा/नगर पंचायत पटना), मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना/प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा पूर्व आदेश द्वारा जिला रोजगार अधिकारी को लाइवलीहुड कालेज में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। इसके अलावा हितग्राहियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के साथ समन्वय करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए जिला रोजगार अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी, अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अब कार्यों का सम्पादन करेंगे।

## 21 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**कोरिया।** तीसरे राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार 21 सितम्बर को आयोजित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा ने जानकारी ने दी है कि माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रिजवान खान ने न्यायाधीशगण, बैंक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ के साथ विगत दिनों आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के तैयारियों के सम्बंध में एक अहम बैठक लेकर विभिन्न मुद्दों पर दिशा-निर्देश दिए थे। बता दें नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मोहम्मद रिजवान खान ने बैंक, नगर पालिका, दूरभाष के अधिकारियों, बीमा कम्पनी के अधिवक्ता एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक प्रकरण चिन्हांकित कर लोक अदालत के पूर्व, प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत करने का निर्देश दिए थे। लोक अदालत में उन्होंने अधिवक्तागण से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, पारिवारिक मामले एवं क्लेम प्रकरण को लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति, समझौता के माध्यम से समाधान व निराकृत किए जाएंगे।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विवादित बयान को लेकर कांग्रेसजनों ने रेल राज्य मंत्री और विधायक का विरोध कर फूंका पुतला

### देश के प्रधानमंत्री को इन सभी लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए : गुप्ता



**बैकुंठपुर कोरिया।** रेल राज्य मंत्री भाजपा नेता रवनीत सिंह (बिट्टू) और शिवसेना(शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ ने देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर कुमार चौक में कांग्रेसजनो ने जमकर विरोध प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया गया।

कांग्रेस ने विरोध जताते हुए कहा की लोकतांत्रिक गणराज्य में संवैधानिक तरीके से चुने गए सांसद व नेता प्रतिपक्ष को जान से करने व अंग काटने की धमकी देना अशोभनीय और आपराधिक कृत्य है यह साधारण बात नहीं है, कि देश की सरकार का एक मंत्री देश के नेता प्रतिपक्ष को देश का नंबर वन आतंकवादी कह रहा है, यह कथन उस व्यक्ति का व्यक्तिगत वक्तव्य नहीं हो सकता क्योंकि वह व्यक्ति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली भारत सरकार का हिस्सा है। इसका अर्थ है कि यह सरकार के नेतृत्वकर्ता का वक्तव्य है और उस पार्टी का वक्तव्य है जो सरकार में है। भाजपा की सहयोगी शिवसेना (शिंदे गुट) एक विधायक ने राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख का इनाम देने की घोषणा की है। हम सब कांग्रेसजनों और देशवासियों के लिए यह चिंता की बात होनी चाहिए क्योंकि यह उसी गोडसे वादी सोच से प्रेरित वक्तव्य हैं। क्या गोडसे की विचारधारा के लोग पुनः कोई षड्यंत्र कर रहे हैं? बीजेपी और उनके सहयोगी दलों के नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ जिस हिंसक भाषा का प्रयोग किया हैं वह भविष्य के लिए घातक हैं।

देश के प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि अपनी भाजपा सरकार एवं अपने सहयोगी दलों के नेताओं को अनुशासन और मर्यादा का अंकुश लगाए उचित आरक्षण का निर्देश दें ऐसे बयानों के लिए कड़ी कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भारतीय राजनीति को पतनशील बनने से रोका जा सके जिससे कोई अनहोनी ना हो। कार्यक्रम के दौरान पर उपस्थित जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, अनिल जायसवाल, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, सुरेंद्र तिवारी, रामकृष्ण साहू, धीरज सिंह, विकाश श्रीवास्तव, गणेश राजवाड़े, रवि राजवाड़े, संगीता राजवाड़े, संगीता सोनवानी, लक्ष्मी सिंह, चांदनी सोनी, रकीबा बेगम, रामसाय सोरी, विजय चक्रधारी, महेश यादव, अमितपांडे, अंकित गुप्ता, विपुल शुक्ला, मोहम्मद आरिफ अंसारी, रामकुमार यादव, संतोष गोयन, देवी प्रसाद खटीक, मोहन यादव एव अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# हाथियों से चौतरफा मुश्किल में हैं ग्रामीण

**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ चांदनी बिहारपुर के साथ ही प्रेमनगर व प्रतापपुर इलाके में हाथियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वे दर्जनों ग्रामीणों की मौत का सबब भी बन चुके हैं। वहीं फसलों को भारी नुकसान पहुंचकर ग्रामीण किसानों को लगातार आर्थिक नुकसान भी पहुंचा रहे है। हाथियों की ग्रामीण इलाकों में आवाजाही पर रोक लगा पाने में वन अमला सफल नही हो पा रहा है। वर्तमान में चांदनी बिहारपुर इलाके में फिलहाल एक हाथी और प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में दो हाथियों ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है। पिछले दिनों 11 हाथियों के दल ने प्रेमनगर इलाके में तबाही मचाई थी। वर्तमान में एक हाथी बिहारपुर चांदनी इलाके के कछिया, नवडीहा गांव में फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है।

जिले के ओड़गी विकासखण्ड अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी व वनांचल क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर इलाके के साथ ही प्रतापपुर इलाके के अलावा प्रेमनगर इलाके में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी वजह से हाथियों की निगरानी करने का वन अमले का दावा खोखला साबित हो रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में वन अमले के प्रति व्यापक आक्रोश व्याप्त है। तीन दिन पहले देर शाम एक हाथी ग्राम पंचायत नवडीहा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के समीप पहुंच गया था। जिससे ग्रामीणों में दहशत की स्थिति निर्मित हो गई थी। हालांकि फिलहाल यह हाथी सिर्फ फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। खासकर चांदनी बिहारपुर और प्रतापपुर इलाके में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। हाथियों ने दर्जनों ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही कई ग्रामीणों को मार डाला है। उक्त इलाको में ग्रामीण ख़ौफ़ज़दा हैं। बिहारपुर इलाके में हाथी मोहरसोप समेत नवडीहा, बसनरा, जुड़वनिया व कछिया आदि गांवो में करीब डेढ़ माह से विचरण कर रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक दिन भर हाथी गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में रहता है और शाम ढलते ही हाथी जंगल से निकलकर उनके खेतों की ओर रूख कर लेता है। जहां रात भर खेतों में लगे धान, मक्का, तिल, अरहर, बाजरा, कोदो, जौ समेत अन्य फसलों को खाने के साथ ही रौंदकर क्षति पहुंचा रहा है। हाथी प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में हाथी के घुसने की सूचना देने वे जब भी रेंजर को जानकारी देने काल करते है, तो अक्सर उनका मोबाइल बन्द रहता है। जिससे वे काफी व्यथित और परेशान हैं। कमोबेश वन कर्मियों की भी यही स्थिति रहती है। काल लगता भी है, तो नतीजा सिफर रहता है। यही वजह हैं कि उन्हें हाथी को खदेड़ने देशी जुगाड़ का इस्तेमाल करना पड़ता है। वे ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के सायलेंसर इत्यादि के सहारे शोर मचा कर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने को मजबूर होते हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार हाथियों के विचरण हो रही जन-धन की हानि रोकने शासन-प्रशासन से जरूरी पहल करने मांग की है। बता दें कि चांदनी बिहारपुर इलाके में कई स्थानों पर ग्रामीण आजादी के बाद आज भी ढिबरी युग में जीवनयापन करने को मजबूर हैं। वैसे तो प्रशासन ने वैकल्पिक तौर पर ऐसे स्थानों में सौर पैनल स्टेशन स्थापित कर विद्युत व्यवस्था की है, लेकिन बरसात के मौसम में सौर पैनल भी पूरी तरह से ठप हो जाता है। जिससे रात में हाथियों की निगरानी में ग्रामीणों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने के कारण रात में हाथी के विचरण से उन्हें रतजगा करने भी विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आला अधिकारियों की उदासीनता भी उन्हें नागवार गुजरती है। नेटवर्क कवरेज की वजह से परेशानी है। हम सतत हाथी की निगरानी कर रहे है। प्रभावित इलाकों में मुनादी कराकर उन्हें रात में बेवजह घरों से नही निकलने के साथ ही सजग रहने की सलाह दी जा रही हैं। कछिया नवडीहा क्षेत्र में हाथी का विचरण हो रहा है। दिन में वह घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल मे चला जाता है। वह केवल फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है।

## शिवपुर मंदिर परिसर में सामूहिक स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास व जिला पंचायत सीईओ कमलेश नन्दिनी साहू के निर्देशानुसार प्रतापपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत शिवपुर मंदिर परिसर के अंदर स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम के अंतर्गत सामूहिक स्वच्छता अभियान, सामूहिक श्रमदान एवं एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय ''स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता'' था। इस कार्यक्रम में स्वच्छता भारत मिशन क्लस्टर कोर्डिनेटर, ब्लॉक फेलो, सरपंच, सचिव एवं समूह की दीदियाँ (स्वच्छताग्राही) एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को बढ़ावा देना था।

## पंडो के लिए विशेष शिविर का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नन्दिनी साहू के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत झिगाडोहर में सम्पूर्णता अभियान जन चौपाल के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पंडो समुदाय के हितग्राहियों तक पहुँचाया गया।

## त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन फोटोयुक्त निर्वाचक नमावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**कोरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नमावली निर्धारित कार्यक्रम अनुसार तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर एवं सोनहत को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसील बैकुण्ठपुर, बचरा-पोड़ी, पटना एवं सोनहत के तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नमावली तैयार करने सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए अपीलीयी अधिकारी अपर कलेक्टर होंगे।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन हेतु 28 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**कोरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत के ग्राम भैंसवार में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आई.डी.क्रमांक. 532003012 को दो भागों में विभाजित करते हुए एवं नवीन पृथक राषन दुकान का सृजन बदरा एवं जामटिकरा को संयुक्त रूप से कलेक्टर द्वारा अनुमोदित किया गया। उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु इच्छुक महिला स्व सहायता समूहों लैम्प्स, अन्य समूह एवं सहकारी समितियों से दुकान आंबटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। संबंधित आवेदन पत्र प्रस्ताव सहित जिसमें दुकान संचालन हेतु पूॅजी की व्यवस्था महिला स्व सहायता समूह के लिए ग्रेडिंग पंजीयन, बैंक खाता सहित 28 सितम्बर 2024 कार्यालयीन तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

## कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु 23 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरिया।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बैकुण्ठपुर के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 6वी में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 16 सितम्बर से बढ़ाकर 23 सितम्बर 2024 तक कर दी गई है। जिला कोरिया एवं जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 5वीं के विद्यार्थी किसी भी कंप्यूटर सेंटर अथवा कामन सर्विस सेंटर व लोकसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया कि विद्यार्थी वेबसाइट व लिंक www.navodaya.gov.in & https://cbseitms.rcil.gov.in/nvsij पर आवेदन कर सकते है। उक्त प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 को होगी। अधिक जानकारी के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय केनापारा बैकुण्ठपुर में सम्पर्क कर सकते है।

## अब तक 1065.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**कोरिया।** भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से प्रतिवेदित दिनांक तक 1065.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तहसील बैकुण्ठपुर में 1054.1, सोनहत में 991.9, पटना में 1286.5 एवं पोड़ी बचरा में 930.1, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। तहसील बैकुण्ठपुर में 31.5, सोनहत में 24.2, पटना में 5.1 एवं पोड़ी बचरा में 3.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन



**कोरिया।** पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय में आज परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कॉलेज के 27 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। साथ ही, पुलिस विभाग ने विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान भी चलाया। इस अभियान के तहत, पुलिस विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क पर सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा, यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल ड्राइविंग के कानूनी पहलुओं से अवगत कराता है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है। लर्निंग लाइसेंस कैंप और सड़क सुरक्षा पर इस जागरूकता अभियान ने छात्रों के बीच उत्साह और जागरूकता को बढ़ावा दिया, जिससे भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी की उम्मीद जताई जा रही है।

# बहुत हुआ... अब यहां नहीं चलने देंगे शराब दुकान

## लगा दिया ताला मेन गेट पर, जमकर प्रदर्शन

**कोरबा।** कई वर्षों बाद लोगों को ध्यान आया कि सरकारी शराब दुकान के संचालन से समस्या हो रही है और खतरे बढ़ रहे हैं, इसलिए यह सब धंधा यहां पर नहीं होना चाहिए। मुड़ापार बायपास मार्ग पर इस मांग को लेकर महिलाओं व लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने दुकान के गेट पर ताला लगा दिया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला। प्रदर्शन के कारण इस रास्ते पर वाहनों की आवाजाही बाधित रही।

लगभग सात वर्ष से इस क्षेत्र में आबकारी विभाग के द्वारा देशी-विदेशी शराब की दुकान संचालित की जा रही है। उस समय भी क्षेत्र के लोगों ने इसका विरोध किया था लेकिन हुआ कुछ नहीं। तब से हर वर्ष दुकान को विस्थापित करने की मांग होती रही। इस वित्त वर्ष के शुरू होने से पहले ही लोगों के द्वारा प्रशासन को अवगत कराया गया था। इस पर भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया और शराब दुकान यथावत संचालित होती रही। हाल में ही इस मार्ग पर वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसके बाद हालात बिगड़े हुए हैं। लगातार मांग हो रही है कि अब दुकान यहां से हटना ही चाहिए। पूर्व में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के हवाले से लोगों ने प्रशासन को



अल्टीमेटम देने के बाद आज यहां प्रदर्शन किया। उनकी एक सूत्रीय मांग है कि किसी भी कीमत पर शराब दुकान को यहां से अविलंब हटाया जाए, अन्य स्थिति में वे कड़ा मोर्चा खोलने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने यहां जमकर नारेबाजी की और अफसरों के साथ जन प्रतिनिधियों को आड़े हाथों लिया।

### रामपुर दुकान से भी आपत्ति

बालकोनगर मार्ग स्थित रामपुर की देशी-विदेशी शराब दुकान के कारण आसपास का माहौल भी खराब हो रहा है। आए दिन यहां सड़क जाम होती है और हादसे भी होते हैं। पार्षद चंद्रलोक सिंह के नेतृत्व में नागरिकों ने दुकान को हटाने के के लिए लंबा आंदोलन किया। इसके नतीजन आसपास की चखना दुकानें हटा दी गई। वहीं दुकान का प्रवेश द्वार भी बदल दिया गया। लेकिन पिछली समस्याएं बहुत ज्यादा हल नहीं हो सकी है। जिले में कुछ और ऐसी दुकानें हैं जिन्हें अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग लोग कर रहे हैं। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि प्रशासन के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है।

### जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने की अगुवाई

शराब बिक्री और उपयोग के बाद होने वाली स्थिति को सामाजिक बुराई से जोड़ते हुए हर कहीं विरोध हो रहा है। कोरबा में आज हुए प्रदर्शन की अगुवाई जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश संगठन पदाधिकारी सोनू राठौर ने की। उन्होंने बताया कि बड़े स्तर पर ऐसे सभी मामलों के लिए हम लगातार लड़ाई लड़ेंगे और स्थिति को ठीक करेंगे।

# न्यूनतम वेतनमान के लिए सीजीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन

**कोरबा.** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र की खदान में आउट सोर्सिंग पर काम कर रही विभिन्न कंपनियों के सामने चुनौतियां बढ़ती जा रही है। अलग-अलग मांग को लेकर आए दिन मोर्चा खोला जा रहा है। गेवरा एरिया के सीजीएम कार्यालय के सामने एक संगठन ने यहां प्रदर्शन किया। उसकी मांग थी कि रूंगटा कंपनी के अंतर्गत काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम वेतनमान दिया जाए।



पर्याप्त संख्या में प्रदर्शन करने के लिए कामगार जुटे। एक संगठन के लिए काम करने वाले लोग भी यहां पहुंचे थे। प्रदर्शन का मकसद प्रबंधन पर दबाव बनाना था ताकि मसले को हल किया जा सके। जानकार सूत्रों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर गठित एक संगठन कुछ समय पहले नीतिगत कारणों से दो फाड़ हो गया है और उसके बाद अब खींचतान जारी है। वर्चस्व को लेकर लड़ाई तेज हो गई है। गेवरा में आज के प्रदर्शन को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# कोरबी सर्किल में डटे गजराज, उत्पात जारी

### बड़ी मात्रा में धान की फसल को किया चौपट

**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज अतंर्गत कोरबी सर्किल में डटे गजराजों ने पिछले दो दिनों के दौरान सर्किल के सिटीपखना व आसपास के गांव में भारी उत्पात मचाते हुए लगभग 8 एकड़ में लगे धान की फसल को रौंद कर तहस नहस कर दिया। बड़ी संख्या में फसल रौंदे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

खबरों के अनुसार केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में 4 दर्जन हाथियों का दल पिछले कुछ दिनों से डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों का यह दल दिन भर एक साथ रहता है और शाम होने के बाद दल के सदस्य अगल-अलग झुंडों में बटकर आसपास के गांव में पहुंच वहां जमकर उत्पात मचाते हैं। इस दौरान खेतों में लगे फसल को बूरी तरह रौंद कर तहस नहस कर देते हैं, जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। क्षेत्र में मौजूद हाथियों के दल ने पिछले 48 घंटे के दौरान सिटी पखना व आसपास के गांव में 8 एकड़ से अधिक धान की फसल को तहस-नहस किया है। जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। वहीं बड़ी संख्या में हाथियों की उपस्थिति से अनहोनी घटना की लगातार संभावना भी बनी रहती है। हालाकि वन विभाग की सक्रियता के चलते अभी तक हाथियों ने जनहानि नहीं की है। जब-जब अमले को हाथियों के गांव के निकट पहुंचने की सूचना मिलती है तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों को दूर खदेड़ने के साथ ही रात भर गांव में डेरा डालकर निगरानी व ग्रामीणों की सुरक्षा में लगे रहते है।

# गौवंशों के संरक्षण के लिए सरकार दे प्रतिवर्ष किसानों को रूपए

**कोरबा।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रफीक अहमद आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर गौवंश की सुरक्षा/संरक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष ने कहा है कि शासन की योजना के अनुसार गौवंश की खरीदी/ बिक्री/ परिवहन / हत्या पर पूर्णतः प्रतिबंध किया गया है जो कि आस्थानुसार एकदम सही कदम है लेकिन किसान / गरीब किसान जिनका आजीविका गौवंश पर आधारित है, उनको अपनी आजीविका जो कि अपने पाले हुए गौ की बिक्री कर अपने बच्चों का निवाला, कपड़ा, दवा एवं अन्य जरूरत के कार्यों के लिए रूपयों की पूर्ति होती थी, वह पूरी तरह से बंद हो गई है। इधर गौवंश की जनसंख्या वृद्धि के कारण किसानों का खेती/बाड़ी तिल्हन और दलहन की फसल को चट कर रही है जो कि किसानों को आर्थिक हानि पहुंच रहा है जिससे गरीब और गरीब होता जा रहा है। सरकार के द्वारा गौवंश के संरक्षण की सभी योजनाएं फेल हो गई हैं। इस बात का सबूत है कि गौवंश गोठान की तरह सड़कों/मुहल्लों में इक्ठ्ठा मिलते हैं जिससे प्रतिदिन दुर्घटना से इंसानों एवं गौवंश की मृत्यु हो रही है। गौवंश के भारी तादाद लावारिस हो जाने के कारण किसानों की जिन्दगी मुश्किलों की जिन्दगी में बदल गयी है।

# नदी व जलाशयों में पूर्वजों को दिया जा रहा तर्पण

**कोरबा।** आश्विन कृष्ण पक्ष की शुरुआत के साथ पितृपक्ष की उपस्थिति में हिंदू समुदाय अपने पूर्वजों को श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा है। नदी ,जलाशय के अलावा घरों में भी इस प्रक्रिया की पूर्ति की जा रही है। एक पखवाड़ा तक चलने वाले श्राद्ध पक्ष में परंपरागत रूप से दिवंगतजनों का स्मरण किया जाता है। प्रतिदिन स्नान के साथ इस विधान को पूरा करना होता है जबकि अवसान तिथि के हिसाब से श्रद्धा दिवस को कई और औपचारिकता पूरी की जाती हैं। पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के तौर पर श्राद्ध पक्ष को देखा जाता है। पितृपक्ष की



शुरुआत के साथ कोरबा और आसपास के क्षेत्र में स्थित जल स्त्रोतों में सुबह-सुबह इस प्रकार के नजारे देखने को मिल रहे हैं। अनेक स्थानों पर पुरोहितों को विधान की पूर्ति करने का उत्तरदायित्व मिला हुआ है।

### बस स्टैंड में स्वच्छता पखवाड़ा पर हुई सफाई

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के जन्मदिन पर देश भर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कई प्रकार की गतिविधियों को इसमें शामिल किया गया। वार्ड क्रमांक-2 स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी नया बस स्टैंड में आज सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई की।

# इंसेटिव के लिए दबाव बनाया

**कोरबा।** एसईकेएमसी के द्वारा कोयला कामगारों को इंसेटिव दिलाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पिछले दिनों आईआर की बैठक बिलासपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें गेवरा के गोपाल यादव व विकास शुक्ला ने इंसेटिव के मामले में जोरशोर से उठाया और कहा कि इस लंबित मामले को निपटाना जरूरी हो गया। केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि एरिया में जितने भी मामले लंबित है उन मामलो को ठीक किया जाना जरूरी है। इंसेटिव मिलने से ही कोयला कामगारों में उत्साह आएगा और वें अधिक कोयला उत्पादन करेगें। केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा के दिलीप सिंह ने कहा कि शिविर कार्य नही हो पा रहे है। सारे कामकाज ठप्प पड़े हुए है। कोयला कामगार निर्माण कार्यो के लिए चक्कर लगा रहे है। इसी तरह अन्य एरिया के सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों के मामलों को उठाया इस बैठक में संदीप चौधरी किशोर सिन्हा, ए.के. अंसारी , सतीश सिंह, एलीन एक्का सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कोल कर्मियों को दें शिक्षा व स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा

### एसईसीएल के डीटी दास ने खदान देखी, मिले जेसीसी सदस्यों से

**कोरबा।** बुधवार को एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास गेवरा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र के नेहरू शताब्दी केंद्रीय अस्पताल में चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।

निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास डीएवी स्कूल गए जहां स्कूल प्रबंधन द्वारा दी गयी एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं एवं स्कूल के परीक्षा परिणाम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की। निदेशक (कार्मिक) श्री दास ने क्षेत्रीय प्रबंधन से चर्चा करते हुए ह्यूमन-सेंट्रिक एप्रोच के साथ कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ीं सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा हमारे खनिक हमारी कंपनी के आधार स्तम्भ हैं और



उनके कल्याण के लिए काम करना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने गेवरा क्षेत्र की संयुक्त सलाहकार समिति के साथ भी बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। श्री दास गेवरा खदान भी गए एवं टीम से चर्चा कर खदान की उत्पादन-उत्पादकता एवं खनन गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती साथ रहे।

### भामसं की रैली आज

**कोरबा।** पेंशन की दरों में वृद्धि को लेकर आज भामसं के द्वारा आईटीआई चौक पर धरना दिया जाएगा इसके बाद एक रैली निकालते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव आरएस जायसवाल, प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ, अजय मिश्रा, माखन वर्मा, शरद नायर, संजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नलीन पवार सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। भामसं के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि कामगारों को काफी कम पेंशन मिलता है। इसकी दरों में बढ़ोत्तरी किए जाना जरूरी हो गया है। जिसके लिए पूरे देश भर में भामसं के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है।

# अधिवेंशन में शामिल हुए कार्यकर्ता

**कोरबा।** अजाजजा पिछड़ा वर्ग कॉउशिंल का सर्वा अधिवेंशन कलकत्ता में आयोजित किया गया। इस अधिवेंश में नेता विरेन्द्र टंडन जवाहर मार्को के नेतृत्व में कार्यकर्ता शामिल हुए अधिवेंशन में कामगारों के समस्याओं पर चर्चा करते करते हुए कई मुद्दों को विस्तार के साथ बताया गया और कहा गया कि अपने अपने क्षेत्रों में जाकर कार्यकर्ता सक्रियता के साथ काम करें। कुसमुंडा के विरेन्द्र टंडन ने बताया कि इस क्षेत्र में भी अजाजजा पिछडा वर्ग कॉउसिंल के लिए काम किया जा रहा है। लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। कामगार भी धीरे धीरे समझने लगे है। ए.विश्वास ने कहा कि सभी क्षेत्रों में कोयला कामगारों केलिए काम किया जा रहा है।




# विकसित भारत के सपने को बालको के इंजीनियर दे रहे आकार

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर अपने प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग कर्मचारियों को सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह प्रतिबद्धता नवाचार और प्रचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में कंपनी की भूमिका को दर्शाता है जिससे वैश्विक विनिर्माण लीडर के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग जैसे मुख्यधारा के इंजीनियरिंग से लेकर मेटलर्जिकल, मैटेरियल्स, माइनिंग, सिरेमिक, पॉवर और एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में लगभग 1500 इंजीनियर कपंनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये व्यक्ति सामूहिक रूप से बालको की प्रचानल क्षमता, नवाचार को बढ़ावा देने और लगातार विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य में कंपनी की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने का आधार हैं।

इंजीनियर कंपनी के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह महत्वपूर्ण हैं इस पर बात करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने



कहा कि हमारे इंजीनियर वेदांता बालको के नवाचार और सफलता के केंद्र में हैं। हम अपने इंजीनियरिंग प्रतिभा के विकास और कौशल वृद्धि की प्रतिबद्धता को पूरा करके कंपनी और उनकी क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं तथा भारत के औद्योगिक विकास में भी योगदान दे रहे हैं। ये इंजीनियर देश को वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी रहने के लिए सशक्त बना रहे हैं तथा नवाचार, कौशल विकास और तकनीकी निपुणता की अपनी यात्रा को भी आगे बढ़ा रहे हैं।

लगभग दो दशकों से बालको कार्यस्थल पर टीम लीडर के रूप में काम कर रहे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर अनुज सूद ने कहा बताया कि 18 साल पॉटलाइन जहां इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से एल्युमिना पाउडर से एल्यूमिनियम बनाया जाता है। मैंने देखा है कि कैसे बालको ने प्रचालन दक्षता की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाया है। हम जिन मैकनिकल सिस्टम के साथ काम करते है उनकी जटिलता- गलाने की तकनीक से लेकर पॉटलाइन उपकरणों की सटीक इंजीनियरिंग तकनीकी विशेषज्ञता के साथ निरंतर नवाचार की मांग करती है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि हमारी प्रक्रियाएं वैश्विक एल्यूमिनियम क्षेत्र में आगे रहें।

एक साल पहले ही बालको परिवार में शामिल हुए मेटलर्जिकल इंजीनियर ईशान चतुर्वेदी ने कहा कि वेदांता बालको में अपना करियर शुरू करना एक अविश्वसनीय अवसर रहा है। पॉटलाइन्स स्मेलटिंग प्रक्रिया के मूल में हैं और अनुभवी इंजीनियरों से सीखते हुए ऐसी उन्नत प्रणालियों के साथ काम करना रोमांचक रहा है। मेरे लिए सबसे खास बात है कि बालको ने सस्टेनबिलिटी की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करके भारत के प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक के रूप में अपनी विरासत को कायम रखा है। मैं इस क्षेत्र में अपने तकनीकी ज्ञान का विस्तार करते हुए कंपनी की भविष्य की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

बालको पॉटलाइन के प्रोसेस कंट्रोल में प्रोडक्शन इंजीनियर निशा मांझी अपने दो साल के सफर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कि पॉटलाइन्स के प्रोसेस कंट्रोल में इच्छानुसार काम करना तथा पुरस्कृत होना मेरे लिए गौरव की बात है। एल्यूमिनियम प्रोडक्शन प्रोसेस की एफिशिएंसी सुनिश्चित करने के लिए सटीक निगरानी और अनुकूलन की आवश्यकता होती है। इंजीनियर के रूप में मैं लगातार डेटा का विश्लेषण कर हमारे सिस्टम के परफार्मेंस और सेफ्टी को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देती हूँ। इस भूमिका में आने वाली चुनौतियों के बावजूद मैं हमेशा अपनी टीम द्वारा उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित रही हूँ। बालको लोगों के इस धारणा को तोड़ने में सहायक बना कि महिलाएँ आपरेशन क्षेत्र में कामयाब नहीं हो सकती हैं। कंपनी तकनीकी कौशल और नवाचार को सबसे अधिक महत्व देती है जिससे मुझे प्रचालन में आगे बढ़ने और सार्थक योगदान देने अवसर मिला है।

विभिन्न विषयों के इंजीनियरों की विशेषज्ञता का उपयोग करके बालको प्रचालन उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित कर रहा है। कंपनी देश में एल्यूमिनियम उत्पादन में सबसे आगे रहने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए विकसित भारत के विज़न में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com